
# यश भारत

नये जमाने के साथ..

● वर्ष- 17 अंक 96- ● जबलपुर ● सोमवार, 8 मई, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 3 ● विक्रम संवत् 2080 शके 1935


### जबलपुर में आज का मौसम

आज सुबह का तापमान



24.6 डिसे

दोपहर 12 बजे तक

29.0 डिसे

आसमान साफ

तेज धूप बढ़ा पारा

### पेरू की गोल्ड माइन में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, 27 लोगों की मौत

नई दिल्ली, एजेंसी। पेरू की एक छोटी गोल्ड माइन में आग लगने से 27 लोगों की मौत हो गई। ये वहां की गोल्ड माइन पिछले दो दशकों में हुआ सबसे बड़ा हादसा बताया जा रहा है। एक बयान जारी कर बताया गया कि हादसा एरिक्विपा में शॉर्ट सर्किट की वजह से हुआ था। माइन की जिम्मेदारी एक प्राइवेट कंपनी को सौंपी गई थी।पेरू दुनिया का सबसे बड़ा सोना उत्पादक देश है। 2022 में जहां सभी माइनिंग हादसों में 38 लोगों की मौत हुई थी, वहीं, इस साल केवल एक हादसे ने 27 लोगों की जान ले ली। पेरू का सबसे बड़ा माइमिंग हादसा 2002 का था जिसमें 73 लोगों की मौत हुई थी।

## » न्यूज गैलरी

### छत्तीसगढ़ के सुकमा में मुठभेड़, दो नक्सलियों ढेर भारी मात्रा में हथियार बरामद

■ सुकमा, एजेंसी।

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में सोमवार सुबह डीआरजी जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ की खबर आ रही है। यह मुठभेड़ जिले के भेजी थानाक्षेत्र के दंतेशपुरम इलाके में हुई। खबरों के अनुसार इस मुठभेड़ में दो नक्सली मारे गए हैं। बताया जा यह भी जा रहा है कि मुठभेड़ की जगह पर भारी मात्रा में हथियार बरामद किया गया है। हालांकि इसकी अभी अधिकारी पुष्टि नहीं हुई है। बताया जा रहा है कि अब भी जवान मौके पर मौजूद हैं।खबरों के अनुसार इस मुठभेड़ में मारे गए दो नक्सलियों में एक नक्सली एलओएस कमांडर 5 लाख का इनामी भी शामिल है। एसपी सुनील शर्मा इस आपरेशन को स्वयं लीड कर रहे थे। बड़ी सूचना के बाद यह आपरेशन निकाला गया था। शनिवार को भी छत्तीसगढ़ और तेलंगाना की सीमा पर पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। यह मुठभेड़ तेलंगाना के चरला थाना क्षेत्र के पुट्टापडू वन क्षेत्र में हुई। इस मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने दो नक्सलियों को मार गिराया।नक्सली के पास से एक एसएलआर हथियार भी बरामद किया गया।

### पहलवानों के समर्थन में 11-18 मई तक देशभर में प्रदर्शन संयुक्त किसान मोर्चा का एलान

■ चंडीगढ़, एजेंसी।

संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने गत 23 अप्रैल से दिल्ली के जंतर मंतर पर विरोध प्रदर्शन कर रहीं महिला पहलवानों के समर्थन में राष्ट्रव्यापी आंदोलन शुरू करने का एलान किया है। इसके तहत 11 से 18 मई तक सभी राज्यों की राजधानियों, जिला मुख्यालयों और तहसील मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन करते हुए कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग की जाएगी। एसकेएम के नेता दर्शन पाल ने बताया कि पूर्व कार्यक्रम के तहत रविवार को पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और पश्चिमी उत्तर प्रदेश से एसकेएम के वरिष्ठ नेता, सैकड़ों किसान और महिला किसान जंतर-मंतर पर धरना स्थल पर पहुंच गए हैं। उन्होंने कहा कि एसकेएम का प्रतिनिधिमंडल दिल्ली पुलिस आयुक्त, केंद्रीय खेल मंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री से मिलकर बृजभूषण शरण सिंह की तत्काल गिरफ्तारी की मांग करेगा। 11 से 18 मई तक राष्ट्रव्यापी आंदोलन के दौरान मोदी सरकार के पुतले फूंके जाएंगे।

### सऊदी में NSA अजित डोभाल, अमेरिका ने बनाई चीन को चित करने की रणनीति

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने रविवार को अमेरिका, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात के अपने समकक्षों से मुलाकात की और पश्चिम एशियाई देशों को भारतीय विशेषज्ञता का उपयोग करते हुए रेल के माध्यम से जोड़ने और क्षेत्र को समुद्री लेन के माध्यम से दक्षिण एशिया से जोड़ने के लिए व्हाइट हाउस द्वारा पेश किए जा रहे एक महत्वाकांक्षी प्रस्ताव पर चर्चा की। एक अंग्रेजी दैनिक में प्रकाशित खबर के मुताबिक नई दिल्ली के सूत्रों ने कहा कि डोभाल रविवार की बैठक के लिए सऊदी अरब गए हैं. उम्मीद की जा रही है कि बैठक में शामिल देश दक्षिण एशिया में भारतीय उपमहाद्वीप को पश्चिम एशिया , जिसे अमेरिका मध्य पूर्व कहता है , के साथ बड़े क्षेत्र में रेलवे, समुद्री और सड़क संपर्क बनाने के लिए व्यापक पैमाने पर संयुक्त परियोजना की व्यापक रूपरेखा को लेकर चर्चा की जाएगी.इस खास प्रोजेक्ट की सूचना सबसे पहले अमेरिकी समाचार वेबसाइट एक्सियोस ने दी. इसने कहा कि यह उन प्रमुख पहलों में से एक है जिसे व्हाइट हाउस मध्य पूर्व में शुरू करना चाहता है क्योंकि इस क्षेत्र में चीन का प्रभाव बढ़ता जा रहा है. मध्य पूर्व चीन के बेल्ट एंड रोड विजन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

## राजस्थान के हनुमानगढ़ में वायुसेना का मिग-21 क्रैश



# घर पर गिरा फाइटर जेट

## 2 महिलाओं की मौत, पायलट सुरक्षित

■ हनुमानगढ़, एजेंसी।

हनुमानगढ़ में सोमवार सुबह एक मिग-21 फाइटर जेट क्रैश हो गया। फाइटरजेट बहलोल नगर इलाके में एक घर पर गिरा। हादसे में 2 महिलाओं की मौत हो गई। एक घायल की स्थिति गंभीर है। पुलिस ने बताया कि पायलट सुरक्षित है। हादसे के बाद घटनास्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जमा हो गए हैं। सूत्रों के मुताबिक, मिग ने सूरतगढ़ से उड़ान भरी थी। दोनों पायलट समय रहते पैराशूट की मदद से निकलने में कामयाब रहे।



आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। शुरुआत जानकारी के मुताबिक, विमान में तकनीकी खराबी आने के बाद पायलट ने उसे खेत में क्रैश करने की कोशिश की, जो खेत में ही बने एक मकान पर जा गिरा। दोनों पायलट समय रहते पैराशूट की मदद से निकलने में कामयाब रहे, लेकिन घर में मौजूद दो लोगों की मौत हो गई है। आगे की जांच की जा रही है। आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं।विमान ने सूरतगढ़ से उड़ान भरी थी। पायलट सुरक्षित है।

# अमृतसर स्वर्ण मंदिर के पास 36 घंटों में 2 धमाके

## मौके से मिलीं संदिग्ध चीजें, फोरेंसिक टीम जांच में जुटी

■ नई दिल्ली, एजेंसी।





चंडीगढ़, एजेंसी।. पंजाब के अमृतसर में गोल्डन टेंपल की हेरिटेज स्ट्रीट पर आज सोमवार सुबह दोबारा धमाका हुआ है. पिछले 36 घंटों में ब्लास्ट होने की यह दूसरी घटना है. शनिवार को करीब 12 बजे सारागढ़ी पार्किंग के पास एक धमाका हुआ था, जिससे एक रेस्टोरेंट के खिड़कियों के शीशे टूटकर सड़क पर आ गए थे और कुछ लोग घायल भी हुए थे. बताया जा रहा था कि आज सुबह करीब छह बजे भी हैरिटेज स्ट्रीट पर धमाका हुआ है. पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं। यह धमाका भी सारागढ़ी पार्किंग के आसपास ही बताया जा रहा है. धमाकों की दोनों घटनाओं के बाद इलाके में दहशत का माहौल है और लोग सहमे हुए हैं. इस बीच पुलिस ने शांति और सद्भाव बनाए रखने के लिए एक एडवाइजरी जारी की. उन्होंने लोगों से सोशल मीडिया पर कुछ भी साझा करने से पहले तथ्य की जांच करने का आग्रह किया और कहा कि स्थिति नियंत्रण में है। सुबह हुए धमाके के बाद पुलिस कमिश्नर नौनिहाल सिंह खुद मौके पर पहुंचे है और बम निरोधक दस्ते को भी सतर्क कर दिया गया है. शहर के सीवर के गटरों का भी मुआयना किया जा रहा है. मौके पर कुछ संदिग्ध चीजें मिली हैं जिनकी जांच फोरेंसिक टीम कर रही. पुलिस की टीम ने डॉग स्क्वॉयड के साथ मौके पर तलाशी ली, इस दौरान बम निरोधक दस्ता भी मौजूद रहा। उधर शनिवार को हुए धमाके की पुलिस की जांच अभी जारी है और पुलिस किसी ठोस नतीजे पर नहीं पहुंची है. चंडीगढ़ के फॉरेंसिक विशेषज्ञों ने विस्फोट के पीछे के कारणों का पता लगाने के लिए घटनास्थल की छानबीन की है. पुलिस आयुक्त नौनिहाल सिंह ने कहा कि शनिवार को हुए धमाके में पुलिस को अभी फॉरेंसिक विशेषज्ञों से कोई रिपोर्ट नहीं मिली है. उन्होंने कहा कि जब तक हमें उनसे कोई रिपोर्ट नहीं मिलती, हम विस्फोट के पीछे के कारणों का पता नहीं लगा सकते। बताया जा रहा है कि शनिवार को जब यह घटना हुई थी श्रद्धालु और पर्यटक सड़क पर टहल रहे थे. रात करीब 12 बजे सारागढ़ी पार्किंग के पास अचानक विस्फोट होने के बाद लोग उस स्थान की ओर दौड़ पड़े जहां से धुएं का गुबार उठता दिखाई दे रहा था. विस्फोट के कारण पार्किंग और उसके पास के एक रेस्टोरेंट की खिड़की का शीशा टूट कर सड़क पर गिर गया. शुरुआत में माना जा रहा था कि धमाका किसी रेस्टोरेंट की चिमनी में हुआ होगा।

# केरल हाउसबोट हादसे में अब तक 7 बच्चों समेत 22 की मौत

■ मलप्पुरम, एजेंसी।

रविवार की शाम केरल में मलप्पुरम जिले में ओट्टुम्पुरम के पास एक हाउसबोट के डूबने से 22 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में 7 बच्चे भी शामिल हैं। शुरू में 16 लोगों के मरने की सूचना मिली थी, लेकिन देर रात तक चले ऑपरेशन में संख्या बढ़ गई। मिली जानकारी के मुताबिक इस बोट में महिलाओं और बच्चों समेत करीब 25 यात्री सवार थे। फिलहाल राहत एवं बचाव कार्य जारी है। कई लोगों को नजदीकी निजी और सरकारी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। केरल के मंत्री वी अब्दुराहमान ने लोगों के मरने की पुष्टि करते हुए बताया कि ये हादसा शाम के सात बजे के करीब हुआ। अभी हादसे की वजह का पता नहीं चला है और डूबी हुई नौका को तट तक लाने का प्रयास किया जा रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी ने इस हादसे पर दुख जताते हुए मुआवजे की घोषणा की है। पीएम ने ट्वीट किया कि केरल के मलप्पुरम में नाव दुर्घटना में लोगों की मौत से आहत हूं। शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना।अनुग्रह राशि के तौर पर [illegible] से 2 लाख प्रत्येक मृतक के परिजनों को प्रदान किए जाएंगे। हादसा किस वजह से हुआ इस बारे में अब तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। हालांकि, स्थानीय लोगों के मुताबिक बोट में क्षमता से ज्यादा लोग बिठाए गए थे और उतने लाइफ-जैकेट नहीं थे। इसलिए ऐसा हादसा हुआ।



### बोट को किनारे पर लगाया गया, रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

हादसा रविवार शाम लगभग 7 बजे मलप्पुरम जिले के तनूर इलाके में तुवलतिरम बीच के पास हुआ। बोट को किनारे पर लाया जा चुका है। क्षेत्रीय फायर रेंज ऑफिसर शिजु केके ने बताया कि बोट पर सवार लोगों की सही संख्या की जानकारी नहीं मिल सकी है। ऐसे में और भी लोगों के फंसे होने की आशंका को देखते हुए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है।लोगों ने रस्सियां बांधकर बोट को सीधा करने की कोशिश की, ताकि उसे किनारे पर लाया जा सके। NDRF टीम की अगुआई में रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू हुआ। बोट को पानी से बाहर खींचने के लिए क्रेन का इस्तेमाल किया गया। इस दौरान रेस्क्यू टीम ने पानी से 21 लोगों के शव निकाले।

### सुबह 6 बजे से शुरू हुआ मृतकों का पोस्टमॉर्टम

हादसे में मारे गए 21 लोगों में से 15 की पहचान की जा चुकी है। सुबह 6 बजे से मृतकों के पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया शुरू हुई। मंत्री वी अब्दुर्रहमान ने बताया है कि अभी तक नाव पलटने की वजह सामने नहीं आई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मणिपुर हिंसा: ट्रेनें बंद, प्लेन से रेस्क्यू, सुको में आज सुनवाई...

■ नई दिल्ली, ईएमएस।



मणिपुर में भड़की हिंसा ने अबतक 54 से ज्यादा जिंदगियां छीन ली हैं। हिंसाग्रस्त क्षेत्रों से नागरिकों को निकालने का ऑपरेशन जारी है। सुरक्षा बलों ने सोमवार को भी कुछ देर के लिए कर्फ्यू में ढील दी है। लोग जरूरी सामान खरीदते नजर आए। लोगों को निकालने के लिए महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश ने स्पेशल फ्लाइट्स चलाई हैं। इसके अलावा राजस्थान, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और उत्तराखंड की सरकारों ने भी रेक्स्यू के लिए कदम उठाए हैं। इम्फाल से बाहर निकलने के लिए फ्लाइट्स बेस्ट ऑप्शन हैं। ऐसे में इम्फाल-कोलकाता रूट पर हवाई किराया खासा बढ़ गया है। अगले कुछ दिन के लिए सभी फ्लाइट्स बुक हैं। किराया 30,000 रुपये तक पहुंच गया। वहीं, मणिपुर हिंसा का मामला सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में उठेगा। कई याचिकाएं शीर्ष अदालत में दायर की गई हैं। मणिपुर हिंसा से जुड़े लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने की जद्दोजहद महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश ने स्पेशल फ्लाइट्स अरेंज की हैं। राजस्थान सरकार भी करीब 125 राजस्थानियों को वापस लाने की जुगत में है। मणिपुर से सटे असम, मेघालय और त्रिपुरा ने पहले ही अपने निवासियों को निकालना शुरू कर दिया था। मणिपुर से दूसरे राज्यों के करीब 240 स्टूडेंट्स को रविवार तक बाहर निकाला जा चुका था लेकिन काफी सारे फंसे हैं।इंफाल से बाकी भारत को जोड़ने वाली सड़कें हिंसाग्रस्त इलाकों से होकर गुजरती हैं।

### मानहानि मामले में आज तेजस्वी के खिलाफ सुनवाई

■ अहमदाबाद, एजेंसी।

मानहानि मामले में बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के खिलाफ आज अहमदाबाद मेट्रो कोर्ट में सुनवाई होनी है। मानहानि की यह याचिका गुजरातियों को ठग कहने के मामले में अपर मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट डीजे परमार की अदालत में सामाजिक कार्यकर्ता और कारोबारी हरेश मेहता ने दर्ज कराई है।इस मामले में पहली सुनवाई पिछले हफ्ते 1 मई को हुई थी। कोर्ट ने करीब 5 मिनट तक दोनों पक्षों के बयानों को सुना। इसी बीच डिप्टी सीएम के वकील ने कोर्ट से मोहलत मांगी। इस पर कोर्ट ने 8 मई को अगली तारीख दी थी। वहीं, फरियादी हरेश मेहता के वकील प्रफुल्ल आर पटेल ने सुनवाई के दौरान न्यायालय में सर्वोच्च कोर्ट के फैसला का हवाला देते हुए कहा कि अगर कोई अभद्र भाषा का इस्तेमाल करता है तो उसे हल्के में नहीं लेना चाहिए।

# राहुल ने डिलीवरी बॉय के स्कूटर की सवारी की

## कहा- मोदी जी का रोड शो देखिए, खुद गाड़ी पर चलते हैं, सबको पैदल कर देते हैं

■ बेंगलुरु, एजेंसी।

कर्नाटक में 10 मई को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए राहुल और प्रियंका गांधी रविवार को 7 रैलियां करने बेंगलुरु पहुंचे। राहुल ने अनेकल और पुलकेशी नगर में सभा को संबोधित किया, वहीं प्रियंका ने पहले मूडबिद्री में एक रैली की और फिर महादेव पुरा और बेंगलुरु साउथ में रोड शो निकाला। हालांकि, सुबह पीएम मोदी का भी रोड शो था जिसको लेकर राहुल ने टिप्पणी की और कहा - मोदी जी का रोड शो देखा है न आपने, खुद गाड़ी पर चलते हैं बाकी लोगों को पैदल कर देते हैं।राहुल ने यह बयान देते हुए सीधे कर्नाटक के दो बड़े बीजेपी नेता येदियुरप्पा और बोम्मई का नाम लिया। राहुल ने आगे कहा - हम हर रोड शो और रैली में अपने सभी नेताओं को पूरी इज्जत देते हैं। बेंगलुरु में रविवार को राहुल गांधी ने तमाम डिलीवरी बॉय से मुलाकात की और उनकी परेशानियां जानीं। ये तस्वीर कांग्रेस ने अपने ट्विटर पर शेयर की है।कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बेंगलुरु में गिग वर्कर्स और डिलीवरी बॉय का काम करने वाले लोगों के साथ डोसा खाया। इस दौरान राहुल ने उन लोगों की जिंदगी के बारे में बातचीत की।



# एनआईए दफ्तर...जे के पुलिस के आवासों पर हमले की प्लानिंग

## लश्कर और जैश रच रहे खतरनाक साजिश, खुफिया एजेंसियों का अलर्ट

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

आतंकवादी संगठन इन दिनों एक बार फिर जम्मू-कश्मीर में आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने की लगातार कोशिश कर रहे हैं. इस बीच केंद्रीय खुफिया एजेंसियों ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) और जम्मू-कश्मीर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को चेतावनी दी है कि आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जम्मू-कश्मीर में तैनात अधिकारियों के आवासों को निशाना बनाने की योजना बना रहे हैं. साथ ही दिल्ली और जम्मू-कश्मीर में स्थित एनआईए के कार्यालय को भी निशाना बनाने की प्लानिंग कर रहे हैं.। बता दें कि इससे पहले, एजेंसियों ने एक इनपुट शेयर किया था, जिसमें बताया था कि बारामुला से कुपवाड़ा, सोपोर और बांदीपोरा की ओर जाने वाले काफिले के मार्गों पर आतंकवादी संगठन [illegible] विस्फोटों को अंजाम देकर सुरक्षा बलों पर हमला करने की प्लानिंग कर रहे हैं. पिछले महीने, जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में भीमबेर गली-सुरनकोट रोड पर भट्टा डूरियन के पास आतंकवादियों ने एक ट्रक पर घात लगाकर हमला किया था, जिसमें सेना के पांच जवान शहीद हो गए थे. पाकिस्तान स्थित जैश-ए-मोहम्मद की शाखा पीपुल्स एंटी-फासिस्ट फ्रंट (पीएएफएफ) ने हमले की जिम्मेदारी ली।



### लगातार घुसपैठ की कोशिश कर रहे हैं आतंकी

यह भी अनुमान लगाया गया है कि हमलावरों को लश्कर द्वारा रसद सहायता प्रदान की गई थी. पाकिस्तान स्थित लश्कर कमांडर रफीक नाई और उसका भाई शमशेर नाई पुंछ के बालाकोट इलाके के रहने वाले हैं. सूत्रों ने द इंडियन एक्सप्रेस को बताया कि केंद्रीय खुफिया एजेंसियों ने यह भी सूचित किया है कि कुपवाड़ा में तंगधार घाटी में घुसपैठ के लिए पसंदीदा क्षेत्र था, जबकि पुंछ में कृष्णा घाटी जम्मू क्षेत्र में घुसपैठ के लिए पसंदीदा क्षेत्र था.

### राजौरी में पांच जवान हुए थे शहीद

बता दें कि आतंकी घुसपैठ और सेना पर हमले को लेकर इन जम्मू कश्मीर में लगातार खबरें सामने आ रही हैं. राजौरी का केसरी हिल 1990 के दशक में आंतक का गढ़ माना जाता था. यह वही केसरी हिल हैं जहां आतंकियों ने 3 दिन पहले सेना के पांच जवानों को एंबुश लगा कर शहीद कर दिया, जिसमें दूसरे दिन बड़े पैमाने पर सर्च और कोर्डोन लांच कर ऑपरेशन किया गया, जिसमे एक आतंकी ढेर कर दिया और एक जख्मी हुआ था. 2007 में यह इलाका आंतकवाद मुक्त हो गया था. लेकिन एक बार फिर पाकिस्तान द्वारा पीरपंजाल और चिनाब वैली में आंतकवाद को जिंदा करने की कोशिश की जा रही है।

### राजौरी में एक बार फिर दहशत फैलाने की साजिश

1990 में आतंकियों के लिए यह इलाका कश्मीर घाटी तक जाने का पारंपरिक रूट रहा है. 90 के दशक में यह इलाका आतंकियों का एक वक्त गढ़ रह चुका है. 2007 के बाद इस इलाके में पूरी तरीके से शांति बनी हुई थी. लेकिन अब आतंकियों की तरफ से पिछले कुछ समय से एक बार फिर आतंकी वारदात देखने को मिल रही हैं. पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई ने पीर पंजाल इलाके रजौरी और पूंछ में आतंकवाद को एक बार फिर रिवाइव करने का लिए जिम्मा रफीक नाई उर्फ सुलतान को दिया है, जो की मेंढर का रहने वाला हैं और इस वक्त पीओके में है।

### सुरंगों का हाइटआउट के तौर पर इस्तेमाल

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक इस इलाके में 8 से 9 आतंकी सक्रिय है. जो अलग-अलग ग्रुप में है. आतंकी जंगलों में अपना ठिकाना छुपने के लिए बनाते हैं. इन घने जंगलों में कई जगहों पर सुरंग हैं, जिनको वह अपने हाइडआउट के तौर पर इस्तेमाल करते हैं. वहीं अब सुरक्षा बल इन आतंकियों की तलाश में इन जंगलों में तलाशी अभियान चला रही है. ताकि बचे हुए आतंकियों का सफाया जल्द से जल्द किया जा सके और इस इलाके में एक बार फिर अमन और शांति का माहौल बन जाए।

### 10 मिनट तक इंडियन एयरस्पेस में रहा पाकिस्तानी विमान, पंजाब में भरी 120 किलोमीटर उड़ान, फिर वापस लौटा मुल्तान

■ लाहौर, एजेंसी।

पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस (पीआईए) का एक विमान भारी बारिश के कारण लाहौर हवाई अड्डे पर उतरने में विफल रहने पर लगभग 10 मिनट तक भारतीय हवाई क्षेत्र में उड़ता रहा. एक खबर में रविवार को यह जानकारी सामने आई है. 'द न्यूज' की खबर के मुताबिक, मस्कट से चार मई को रात आठ बजे लौटा पीआईए का विमान 'पीके248' भारी बारिश के कारण लाहौर के अल्लामा इकबाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर नहीं उतर सका.खबर के मुताबिक, हवाई यातायात नियंत्रक के निर्देश पर पायलट ने आसपास उड़ान भरना जारी रखा और इस दौरान भारी बारिश तथा कम ऊंचाई के कारण वह रास्ता भटक गया. इसके मुताबिक, विमान 13,500 फुट की ऊंचाई पर उड़ते हुए बधाना पुलिस थाने से भारतीय हवाई क्षेत्र में प्रवेश कर गया.भारतीय पंजाब के तरनतारन और रसूलपुर शहर से 40 किलोमीटर की यात्रा करने के बाद विमान वापस लौटा. खबर के मुताबिक, पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र में प्रवेश करने के बाद विमान ने मुल्तान के लिए उड़ान भरी. इसके मुताबिक, विमान ने लगभग दस मिनट तक भारतीय क्षेत्र में कुल 120 किलोमीटर की उड़ान भरी।



# धूप में तल्खी, जोरदार गर्मी का अहसास



जबलपुर, यशभारत। धूप में तल्खी बनी रहने के कारण अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी होने लगी है। वर्तमान में अलग-अलग स्थानों पर तीन मौसम प्रणालियां सक्रिय हैं। इनमें से उत्तर-पूर्वी राजस्थान पर बने चक्रवात के कारण हवाओं के साथ अरब सागर से कुछ नमी आ रही है। इस वजह से मध्य प्रदेश में कहीं-कहीं आंशिक बादल बने हुए हैं। साथ ही दोपहर के बाद भोपाल, इंदौर, उज्जैन संभाग के जिलों में कहीं-कहीं बूंदा-बांदी भी हो सकती है। हालांकि मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी पाकिस्तान के पास हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात के रूप में बना हुआ है। उत्तर-पूर्वी राजस्थान पर हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है। उधर बंगाल की खाड़ी में एक कम दबाव का क्षेत्र बन गया है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार कम दबाव का क्षेत्र आज गहरा कम दबाव का क्षेत्र बनेगा। इसके अवदाब के क्षेत्र में बदलने के बाद चक्रवाती तूफान मोका में बदलने की संभावना है। इस चक्रवाती तूफान का असर दिखने लगा है। जिसके चलते हवाओं का रुख धीरे-धीरे बदलने लगा है। इस वजह से मौसम शुष्क होने लगा है। बादल छंटने के कारण धूप निकल रही है। इस वजह से तापमान में बढ़ोतरी होने लगी है। तापमान में बढ़ोतरी होने का सिलसिला अभी जारी रहने के आसार हैं। सोमवार को चिलचिलाती धूप ने लोगों को पसीने से तरबतर कर दिया वहीं जबलपुर संभाग में अधिकतम तापमान ने भी उछाल मार दिया। सुबह से चमकीली धूप निकली रही। आसमान भी हल्के बादलों के साथ साफ है। हालांकि गत दिनों हुई वर्षा के बाद से पश्चिमी हवा से वातावरण में हल्की नमी है। वहीं मौसम विभाग के अनुसार जबलपुर संभाग का मौसम शुष्क रहेगा। वहीं बादलों के बीच से कड़ी धूप परेशान कर सकती है। मौसम विभाग के अनुसार वर्तमान में सक्रिय मौसम प्रणालियों के असर से धूप-बादल का दौर जारी रहेगा। कहीं-कहीं वर्षा भी संभावित है। अधिकांश बादल पूर्वी मध्य प्रदेश से पश्चिमी मध्य् प्रदेश की ओर खिसक चुके हैं। जबलपुर में रविवार को अधिकतम तापमान 38डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो कि सामान्य से 3 डिग्री कम रहा। वर्तमान में उत्तर पूर्वी हवाएं चल रही हैं। हवाओं की रफ्तार तीन किलोमीटर प्रति घंटे रही। वहीं सोमवार की सुबह मौसम विभाग के आंकड़ों की बात करें तो बीती रात का न्यूनतम तापमान.... 24.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो कि सामान्य से मात्र दो डिग्री कम रहा। सुबह की आर्द्रता53 प्रतिशत है।

## विप्र जनों की कार्ययोजना पर विचारों का आदान प्रदान



जबलपुर, यशभारत। आज विश्व व्यापी विप्र हितैषी,विप्र एकता हेतु समर्पित अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के सभी सम्मानीय पदाधिकारियों एवं सक्रिय विप्र बन्धुओं मातृ शक्तिओं की उपस्थिति में अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद की शिक्षा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती सोनल तिवारी की अगुवाई में,आगामी कार्य योजना हेतु, बैठक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पंडित हरि शुक्ला राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष ने की उक्त अवसर पर पदाधिकारियों ने उपस्थित विप्र जनों की कार्ययोजना पर विचारों का आदान प्रदान करते हुए धरातल पर परिषद के कार्यों को करते रहने का संदेश दिया और तभी जनसामान्य वर्ग परिषद से जुड़कर मजबूत सामाजिक ढांचे के निर्माण में सहयोग करेंगे इस अवसर पर नवनियुक्त पदाधिकारिओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महा सचिव डॉ विजय कांत तिवारी ने किया।

## शासकीय प्राथमिक शाला में प्रयास पुस्तकों का वितरण



जबलपुर, यशभारत। ग्रीष्मावकाश में बच्चे पढ़ाई से जुड़े रहे, इसके लिए प्रायमरी और मिडिल स्कूलों के बच्चों को प्रयास पुस्तिकाओं का वितरण किया गया। शासकीय प्राथमिक शाला छितुरहा तहसील पाटन जिला जबलपुर में शाला प्रभारी बृजेश कुमार अवस्थी द्वारा शाला में दर्ज बच्चों को प्रयास पुस्तिकाओं का वितरण किया गया। शाला प्रभारी श्री ब्रजेश कुमार अवस्थी ने बताया की समय - समय पर शाला मै पढ़ने वाले बच्चो को समान्य ज्ञान की पुस्तक, एवं अन्य पढाई से संबंधित जरूरी समग्री बेग,पानी की बॉटल, गरम कपड़े, का भी वितरण का कार्य उनके द्वारा किया जाता है द्य उन्होंने बताया की उनके स्कूल एवं छेत्र के बच्चे पढ़ लिख कर आगे बढे यही उनकी मंशा है इन्ही उद्देश्य के साथ वह यह कार्य करते है।

# फातिमा माता की वार्षिक भक्ति ....नवीना का चतुर्थ दिन

### माता मरियम प्रभु येसु की प्रथम शिष्य बनीं...फादर जगनराज

जबलपुर, यशभारत। संस्कारधानी जबलपुर में सेंट थॉमस स्कूल परिसर स्थित फातिमा की माता मरियम के तीर्थस्थल में वार्षिक भक्ति के अंतर्गत आज नौदिवसीय प्रार्थना का चौथा दिन था।आज के पावन ख्रीस्तयाग के मुख्य याजक फादर जगनराज ने भक्तजनों की उपस्थिति में पावन ख्रीस्त्याग अर्पित करते हुए कहा...माता मरियम प्रभु येसु की माता होने बाद भी उनकी प्रथम शिष्य बनीं। उनका कहना था जैसा प्रभु येसु कहें वैसा ही करना। पल पल प्रभु का अनुकरण करते हुए माता मरियम उनकी सर्वोच्च शिष्य बन गई। प्रभु येसु के दुखभोग के समय माता मरियम उनको ढांढस देती हैं। अपने दुख को अपने दिल में छुपाकर वे सदा प्रभु के साथ रहीं इसलिए वे प्रभु येसु की उत्तम शिष्य भी कहलाती हैं। माता मरियम ने प्रभु येसु में पिता परमेश्वर का दर्शन किया। येसु का पालन पोषण करते हुए उन्होंने पिता ईश्वर को देखा। यदि हम येसु में विश्वास न रखें तो वह हमारे लिए ठोकर का कारण बन सकता है। अतः हमको भी माता मरियम की भांति प्रभु येसु का प्रथम, उत्तम, विश्वसनीय तथा सर्वोच्च शिष्य बनने के लिए अपने जीवनकाल में प्रयास करना चाहिए। माता मरियम के तीर्थस्थल की बेहद ही आकर्षक साज सजावट की गई है। माता मरियम के भक्त पवित्र तीर्थस्थल में विशाल संख्या में उपस्थित हो रहे हैं तथा मोमबत्ती जलाकर एवं पुष्पों को अर्पित कर के अपनी मन्नतें मांगते हुए प्रार्थना में लीन थे। संजय मैथ्यूस ने बताया कि आगामी 13 मई 2023 को माता मरियम के पर्व दिवस की व्यापक स्तर पर तैयारियां जारी है।



# जीआईएफ की घटना की उच्चस्तरीय जांच हो

### मृतक ठेका कर्मचारी को क्षतिपूर्ति दिये जाने की मांग

जबलपुर यशभारत। गत दिवस ग्रे आयरन फाउंड्री ( जीआईएफ ) में ग्राइंडिग व्हील टूटने से हुई एक ठेका कर्मचारी रघुनाथ प्रसाद की मौत पर एआईडीईएफ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री अर्नव दास गुप्ता ने दुख जताते हुए घटना की उच्च स्तरीय जांच और मृतक के परिवार को क्षतिपूर्ति दिये जाने की मांग की है।उन्होंने कहा कि ठेका मजदूर को ठेकेदार और जीआईएफ प्रशासन की लापरवाही के चलते अपने जीवन का बलिदान देना पड़ा। यह कर्मचारी प्राइवेट कर्मचारी है जिसके चलते नियमानुसार कार्य के दौरान मृत्यु हो जाने से मृतक के परिवार को वो तमाम जल्दी क्षतिपूर्ति दी जाए। ऑल इंडिया डिफेंस एम्प्लॉइज फैडरेशन ने जीआईएफ प्रशासन से मांग की है कि मृतक कर्मचारी के आश्रितों को वह तमाम क्षतिपूर्ति का भुगतान किया जावे जो एक नियमित कर्मचारी के कार्य के दौरान मृत्यु हो जाने पर दी जाती है।

अर्नब दासगुप्ता ने यह भी बताया है कि मुराद नगर निर्माणी से भी उसी तिथि में इस प्रकार की घटना की सूचना प्राप्त हुई है साथ ही यह भी चर्चा है कि दोनों ही निर्माणी को लेबल-1 के तहत ग्राइंडिंग व्हील सप्लाई का ठेका एक ही फर्म को दिया गया है। यह भी बताया गया कि पूरे घटना क्रम की जानकारी एआईडीईएफ के राष्ट्रीय महासचिव कॉमरेड सी श्रीकुमार को दे दी गई है। एआईडीईएफ रक्षा मंत्रालय को इस विषय पर पत्र लिखेगा और दोनो ही घटना क्रम की उच्च स्तरीय जांच की मांग भी करेगा।

## जबलपुर श्री केशरी कुश्ती प्रतियोगिता 12 से 14 मई तक

जबलपुर , यशभारत। प्राचीन कुश्ती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस वर्ष भी जबलपुर श्री केसरी कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन 12 मई से 14 मई तक पांडे हास्पिटल घमापुर के समीप स्व. बाबूलाल पहलवान की स्मृति में जगदीश कैथल परिवार के द्वारा आयोजित किया जायेगा। जिला नगर निगम कुश्ती संघ के अध्यक्ष रामदत्त शुक्ला ने बताया कि इस प्रतियोगिता में पुरूष एवं महिला पहलवान अपने वजन श्रेणी में हिस्सा लेंगे। साथ ही प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पाने वाले को श्री केशरी जबलपुर से नवाजा जायेगा। यह प्रतियोगिता ओलंपिक पद्धति के द्वारा कुश्ती के मेट पर संचालित होगी। ले सकेगे। इस प्रतियोगिता में जबलपुर शहर के अलावा ग्रामीण आचल के पहलवान हिस्सा लेंगे।

## मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान 2.0 अंतर्गत नगरीय निकायों का प्रशिक्षण

जबलपुर, यशभारत। मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान द्वितीय चरण का प्रारंभ 10 मई से किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न विभागों की 67 सेवाओं के लिये आवेदन शिविर के माध्यम से प्राप्त कर उनका निष्पादन किया जायेगा। इसी तारतम्य में जबलपुर जिले के अंतर्गत नगर निगम एवं अन्य सभी नगरीय निकायों के लिये प्रशिक्षण कार्यक्रम आज स्मार्ट सिटी, मानस भवन में कलेक्टर श्री सौरभ कुमार सुमन के मार्गदर्शन में अपर कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह व आयुक्त् नगर निगम जबलपुर श्री स्वप्निल वानखेड़े के नेतृत्व में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अधिकारियों द्वारा अभियान के संबंध में विस्तार से प्रशिक्षण प्रदान किया गया एवं जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। कार्यक्रम में नगर निगम के समस्त अधिकारीगण एवं निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी उपस्थित हुये। अभियान अंतर्गत 09 मई तक सभी जोन एवं निकायों में प्री केम्प का आयोजन किया जा रहा है।

## ग्राम रोजगार सहायकों की हड़ताल का 56 वां दिन

जबलपुर यशभारत। ग्राम पंचायतों में कार्यरत ग्राम रोजगार सहायकों की हड़ताल 56 वे दिन में प्रवेश कर चुकी है... ग्राम रोजगार सहायक लगातार अपनी जिला संवर्ग, स्थानांतरण नीति, अनुकंपा नियुक्ति सहित विभिन्न मांगों को लेकर लगातार पूरे प्रदेश में प्रदेश अध्यक्ष रीतेश तिवारी के नेतृत्व में अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रखें है। प्रदेश महासचिव जितेन्द्र पटेल ने बताया कि लगातार शासन प्रशासन के द्वारा ग्राम रोजगार सहायकों की मांग को नजरअंदाज किया जा रहा है, इस बीच हमारे बहुत से साथी असमय मृत्यु को प्राप्त हो रहे है जिससे प्रदेश के ग्राम रोजगार सहायकों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है... और हम उग्र आंदोलन के लिए मजबूर हो रहे है।

## नगर के आबिद बने मध्य प्रदेश जूडो एसोसिएशन कोषाध्यक्ष



जबलपुर, यशभारत। इंदौर में मध्य प्रदेश जूडो एसोसिएशन की नवीन कार्यकारिणी के लिए चुनाव होटल किंग्स पार्क में हुआ। जिसमें जगजीत सिंह संधू ,उपाध्यक्ष कुरुष दिनशा, मोहन सिंह यादव ,अशोक नामदेव, सुनील शर्मा एवं प्रतीक खंडे निर्वाचित हुए / सचिव पद पर नरेश तटवाड़े ,सह सचिव पद पर दीपक रजक एवं भरत कुमावत चुने गए जबकि जबलपुर जिला जूडो संघ के सचिव व कोच आबिद हुसैन खान को प्रदेश की नवीन कार्यकारिणी में कोषाध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए। इस चुनाव प्रक्रिया को संपन्न कराने में भारतीय जूडो महासंघ के ड्डह्ब्ह्यद्गह्म्द्घद्गह्म् के रूप में सतीश शर्मा एवं निर्वाचन अधिकारी विकास जयसवाल व मध्य प्रदेश ओलंपिक संघ के प्रतिनिधि के रूप में ओम सोनी उपस्थित रहे। आबिद खान को कोषाध्यक्ष बनने पर एमपी ओलंपिक संघ के दिग्विजय सिंह ,जूडो संघ के रवि गुप्ता, अजय कुमार तिवारी, आरके मिश्रा, एडवोकेट अताउर रहमान अंसारी, प्रशांत मिश्रा, सत्येंद्र गुरु, रत्नेश सोनकर ताबीज अली आदि ने बधाई प्रेषित की है।

## 20 साल से चल रहा था फरार मझौली पुलिस ने किया गिरफ्तार

### ठिकाने बदल बदल कर रह रहा था आरोपी

जबलपुर,यशभारत। जिला पुलिस कप्तान द्वारा अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत मझौली पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी जिसमें एक मामले में 20 साल से फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसे सलाखों के पीछे कर दिया उक्त कार्रवाई वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर सिहोरा एसडीओपी पारुल शर्मा मझौली थाना प्रभारी एसआई जेपी तिवारी आरक्षक अमित पटेल एवं छन्नूलाल के द्वारा की गई। इस संबंध में मझौली पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि कुसमी निवासी 60 वर्षीय ताराचंद राजपूत उर्फ मुन्नू पिता गंगाराम राजपूत को पुलिस ने एक मामले में गिरफ्तार कर उसको न्यायालय में पेश किया था किंतु वह न्यायालय द्वारा जारी पेशियों मैं लगातार गैरहाजिर हो रहा था जिसके विरुद्ध न्यायालय द्वारा गैर मियादी वारंट निकाला गया पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए उक्त आरोपी की सरगर्मी से पतासाजी करने हेतु मुखबिर तंत्र मजबूत किया बीती रात पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई की उक्त आरोपी 20 साल बाद अपने घर आया हुआ है उक्त जानकारी मिलते ही पुलिस तत्काल हरकत में आई और आरोपी के घर पहुंच कर चारों तरफ से घेराबंदी कर उसे दबोच लिया गया पुलिस के अनुसार आरोपी उज्जैन इंदौर आदि जगह अपने ठिकाने बदल बदल कर पुलिस को चकमा देकर रह रहा था पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई की गई।





## जबलपुरवासी जानेंगे अनलिमिटेड हैप्पिनेस के सीक्रेट मोटिवेशनल स्पीकर बी के शिवानी दीदी के संग

जबलपुर, यशभारत। जन-जन में लोकप्रिय बी के शिवानी दीदी के जबलपुर नगर आगमन पर गेरीसन ग्राउंड में रविवार 28 मई को होने वाले कार्यक्रम के आयोजन के लिए तैयारिया शुरू हुई , इस सम्बन्ध में टी वी टावर के पास स्थित कटंगा कॉलोनी में स्थित शिव वरदान भवन में आयोजन समिति की बैठक में समस्त कार्यकर्ताओं को उनकी सेवा की जिम्मेवारी सौंपी गई । इस अवसर पर वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका बी के विमला दीदी जी ने कहा कि यह कार्यक्रम जबलपुर नगर में आयोजित आध्यात्मिक कार्यक्रमों में अपनी तरह का अनोखा कार्यक्रम है जिसमे अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वक्ता शिवानी दीदी के वचनों से जन सामान्य लाभान्वित होगा .यह कार्यक्रम पूरी तरह से निशुल्क है,प्रतिभागियों को केवल अपना रजिस्ट्रेशन वेब साईट - happinessun-limited.co.in पर करवाना होगा .इस अवसर पर स्थानीय विधायक अशोक रोहाणी ने कहा कि सदर केंट क्षेत्र में यह आयोजन हो रहा है तो हम सब इस अवसर को अविस्मरनीय बनाने का पूरा प्रयास करेंगे. बी के विमला दीदी जी, बी के विनीता , बी के आरती , बी के बाला, बी के संगीता ने इस कार्य्रकम के पोस्टर को भी जारी किया। बी के विनीता बहन ने नगरवासियों से इस आयोजन का लाभ उठाने की अपील की है . यह कार्य्रकम रविवार 28 मई को गैरिसन ग्राउंड में सुबह ठीक 7 बजे से आरम्भ हो जायेगा।

## तीन दशक से जारी है प्रदेश में एकमात्र कार्टून स्पर्धा

### मई दिवस और विश्व कार्टून दिवस पर प्रतिभागी सम्मानित

जबलपुर यशभारत। संस्कारधानी के लिए यह गर्व की बात है कि यहां पिछले तीन दशक से प्रदेश में एकमात्र कार्टून स्पर्धा आयोजित की जा रही है ।हो सकता है यह देश में इकलौती स्पर्धा हो, लेकिन यह तय है कि प्रदेश की इकलौती प्रतियोगिता है ।उक्त जानकारी व्हीएफजे मजदूर यूनियन के पूर्व महासचिव और मार्गदर्शक बी गुहाठाकुरता ने आयोजित मई दिवस समारोह में व्यक्त किए ।मुख्य अतिथि एड.विजय त्रिपाठी ने कहा कि यूनियन कर्मचारियों हितों के लिए संघर्ष के साथ सामाजिक सारोकार से जुड़े कार्टून प्रतियोगिता करा रही है जो वंदनीय है ।स्पर्धा के निर्णायक कार्टूनिस्ट राजेश दुबे ने कहा कि स्पर्धा में 8 सौ से ज्यादा प्रतिभागियों ने हिस्सा लेकर इसके प्रति रुचि दिखाई है ।उन्होंने कहा कि खुशी की बात है कि इसमें बालिकाओं ने बाजी मारी है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विपिन चौकसे और स्पर्धा के संस्थापक विनोद वैद्य सहित सभी का स्वागत यूनियन के नितिन चाकर धनंजय चंद्राद्ते नवीन सिंह मनोज मीणा आदि ने किया ।इस मौके पर अन्य यूनियन एसोसिएशन के कमल चौहान कामता द्विवेदी प्यारे लाल दिवाकर ब्रजेश शाह रूपेश मिश्रा आदि उपस्थित थे।



## अहमदाबाद-समस्तीपुर-के मध्य 8-8 ट्रिप समर स्पेशल ट्रेन

### इटारसी, जबलपुर, कटनी सतना से गुजरेगी

जबलपुर यशभारत। रेल प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल में अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने के उद्देश्य से गाड़ी संख्या 09413/09414 अहमदाबाद-समस्तीपुर-अहमदाबाद के मध्य 08-08 ट्रिप साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। यह गाड़ी पमरे के इटारसी, जबलपुर, कटनी एवं सतना स्टेशनों से होकर गन्तव्य को जाएगी। गाड़ी संख्या 09413 अहमदाबाद से समस्तीपुर एक्सप्रेस साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन प्रत्येक मंगलवार को 09.05.2023 से 27.06.2023 तक अहमदाबाद स्टेशन से 16.35 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन बुधवार को इटारसी प्रातः 06.05 बजे, जबलपुर 09.30 बजे कटनी 11.00 बजे, सतना 12.45 बजे, प्रयागराज छिवकी 16.13 बजे और तीसरे दिन गुरुवार को भोर में 04.00 बजे समस्तीपुर स्टेशन पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09414 समस्तीपुर से अहमदाबाद एक्सप्रेस साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन प्रत्येक गुरुवार को 11.05.2023 से 29.06.2023 तक समस्तीपुर स्टेशन से 08.15 बजे प्रस्थान कर, रात्रि में प्रयागराज छिवकी 21.00 बजे, अगले दिन मध्य रात्रि शुक्रवार को सतना 00.15 बजे, कटनी 02.20 बजे, जबलपुर 04.00 बजे, इटारसी 08.20 बजे और शुक्रवार को रात्रि 22.44 बजे अहमदाबाद स्टेशन पहुँचेगी। इस गाड़ी में 04 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 12 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 02 शयनयान श्रेणी, 02 सामान्य श्रेणी, 01 एसएलआरडी एवं 01 जनरेटर कार सहित कुल 22 कोच रहेंगे। रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में वडोदरा, सूरत, नंदुरबार, भुसावल, खण्डवा, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, पटना एवं बरौनी स्टेशनों पर रुकेगी।



# खेल प्रशिक्षण शिविर में बच्चों को समान सुविधाएं दी जाए

जबलपुर, यशभारत। मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन एवं जागरूक खेल संघ ने कहाजहां एक तरफ खेल युवा कल्याण विभाग और फैडरेशन के संयुक्त तत्वावधान में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण लगाए जा रहे हैं वहीं शिक्षा विभाग के द्वारा भी ग्रीष्मकालीन खेल प्रषिक्षण शिविर लगाए गए हैं, जो कि पूरे मई माह में चलेगा ऐसे में जो सुविधाएं खेल युवा कल्यांण विभाग और फैडरेशन के बच्चों को मिल रही है वही सुविधाएं एवं संसाधन स्कूल शिक्षा विभाग के बच्चों को भी मिलना चाहिए। इनके साथ किसी भी प्रकार का भेद भाव नहीं किया जाना चाहिए। क्योंकि ये स्कूल के बच्चे ही आगे जाकर ओपन र्स्पधाओं में हिस्सा लेते हैं। ऐसे में जो बच्चे खेल युवा कल्याण विभाग और फैडरेशन के संयुक्त तत्वावधान में ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण हांसिल कर रहे है और जो बच्चे स्कूल षिक्षा विभाग के अन्तर्गत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं उनमें किसी प्रकार का भेद भाव नहीं होना चाहिए। संघ के जिलाध्यक्ष-रॉबर्ट मार्टिन, राकेश श्रीवास, दिनेष गौंड़, हेमन्त ठाकरे, क्रिस्टोफर नरोन्हा, धनराज पिल्ले, सुधीर अवधिया, राजकुमार यादव, आबिद खान, गुडविन चार्ल्स, एनोस विक्टर, अफरोज खान, शषिरमन स्वामी, अषोक राय, आदि ने कलेक्टर से मांग की है कि ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में बच्चों को समान सुविधाएं एवं खेल संसाधन उपलब्ध कराई जाए।



## आखिर कब होगी अतिथि शिक्षक को सुनवाई

### भर्ती प्रक्रिया का सरलीकरण किया जावे।

मध्यप्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त संगठन आरोप लगाया कि मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग में प्रतिवर्ष लाखों अतिथि शिक्षकों को कुछ माह /महीनों के लिए विषयवार नियुक्तियां दी जाती है।जिसका मानदेय भी बहुत ही कम है और वो भी समय पर हर माह प्राप्त नहीं होता है। रुक -रूक कर भुगतान किया जाता है। संगठन के जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह ठाकुर के अनुसार वर्तमान में भी अभी विगत तीन महीने से इन्हें मानदेय का भुगतान नहीं हुआ है। दिलीप सिंह ठाकुर ने बताया कि प्रतिवर्ष अतिथि शिक्षक यह सोचकर पुनः ऑनलाइन आवेदन फार्म भर कर संकुल केंद्रों /स्कूलों में जमा करतें हैं,परन्तु किसी भाग्यशाली का चयन होता है,बाकी बेरोजगार हो जाते हैं। अनेक अतिथि शिक्षक तो 10 से 12 वर्षों से किसी ना किसी स्कूल में प्रतिवर्ष पढ़ा रहे हैं किन्तु शासन प्रशासन ने कभी भी इन पढ़े-लिखे निर्धन बेरोजगार, वक्त के मारे, अल्प मानदेय भोगियों के विषयों पर किसी भी तरह से इन्हें शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में विशेष महत्त्व नहीं दिया जबकि यह विषयवार योग्यता एवं व्यवसायिक योग्यताएं उत्तीर्ण किये हैं इतना सब होने के बाद भी इन्हें किसी तरह से लाभ नहीं मिला। मध्यप्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त संगठन के जी आर झारिया, निरंद सिंह, भास्कर गुप्ता, विश्वनाथ सिंह, नितिन तिवारी, संजय उपाध्याय, सतीश खरे, आकाश भील, अजब सिंह, देवराज सिंह, सुल्तान सिंह, इमरत सेन, ने शासन प्रशासन से मांग की है,कि शीघ्र -अतिशीघ्र अतिथि शिक्षकों को जिन्होंने शिक्षा विभाग में अपने जीवन के अमूल्य समय को दे कर बच्चों के भविष्य सुधारने में अपना योगदान दिया है तो इन पढ़े-लिखे पात्र अतिथि शिक्षकों को कुछ विशेष नीति- निर्देश जारी कर भर्ती प्रक्रिया में शामिल करें।

**कांग्रेस की प्रतिकार यात्रा:हिंसा के खिलाफ 10000 लोगों ने व्यक्त की मौन प्रतिक्रिया**

# तोड़फोड़ जैसी गतिविधियों में शामिल लोगों को प्रोत्साहित व संरक्षित कर रही है भाजपा सरकार: विवेक तन्खा

**जबलपुर यशभारत। कांग्रेस जबलपुर के बलदेव बाग स्थित कांग्रेस कार्यालय में बजरंग दल के द्वारा तोड़फोड़ के विरोध में कांग्रेस पार्टी के द्वारा जबलपुर में रविवार को मौन प्रतिकार यात्रा शहीद स्मारक से प्रारंभ होकर मालवीय चौक करमचंद चौक तुलाराम चौक होते हुए गांधी स्मारक टाउन हॉल पहुंची इस मौन प्रतिकार यात्रा में लगभग 10,000 से अधिक कांग्रेस जनों ने उपस्थित रहे जो हाथों में भाजपा मुर्दाबाद, बजरंग दल मुर्दाबाद इंकलाब जिंदाबाद ,दोषियों को गिरफ्तार करो कि तख्तियां हाथों में लिए हुए थे और साथ ही हाथों में झंडा लिए हुए थे यात्रा में शामिल सभी कांग्रेस जन हाथों में काली पट्टी लगाए हुए थे।**







## कॉग्रेस पार्टी के कार्यालय में तोड़फोड़ बर्दाश्त योग्य नहीं: जे पी अग्रवाल

मौन प्रतिकार यात्रा के समापन पर राष्ट्रपति महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद आयोजित सभा को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव व प्रदेश प्रभारी पूर्व सांसद श्री जेपी अग्रवाल ने कहा कि बजरंग दल की इन करतूतों से महापुरुषों की आत्मा भी दुखी हुई होगी, ऐसे भारत की कल्पना हमारे महापुरुषों ने नहीं की थी। प्रेम सद्रभाव भाईचारा सभी का सम्मान परस्पर प्रेम की आधारशिला पर भारत की कल्पना की गई थी । कॉग्रेस पार्टी के कार्यालय में तोड़फोड़ बर्दाश्त योग्य नहीं है।

इसी क्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा शासन सीधे रूप से इस घटना के लिए जिम्मेदार है मध्यप्रदेश में भाजपा का जनाधार खिसकते देख भाजपा का प्रदेश नेतृत्व इस प्रकार की गतिविधियों व इस प्रकार की गतिविधियों करने वालों को प्रोत्साहित व संरक्षित कर रहा है। प्रदेश की भाजपा सरकार क्यों नहीं समय रहते कड़े कदम उठाए जबकि बजरंग दल और इसके जैसे अन्य संगठन हमेशा ही हिंसक विचारधारा के रहे हैं। पूर्व कैबिनेट मंत्री विधायक तरुण भनोट ने कहा कि मध्य प्रदेश में भाजपा की सत्ता को विदा होते देख इस प्रकार के वातावरण को निर्मित किया जा रहा है हम अहिंसा का मार्ग नहीं छोड़ेंगे ,कांग्रेस हमेशा अहिंसा के मार्ग की पक्षधर थी और रहेगी जबलपुर सहित प्रदेश और देश की जनता ने अपनी आंखों से पूरी घटना को देखा है कि किस प्रकार शासन प्रशासन इस प्रकार के संगठनों को खुली छूट दे रहा है। पूर्व कैबिनेट मंत्री विधायक लखन घनघोरिया ने कहा कि हमें अब हमें भगवान हनुमान के प्रति भी अपनी आस्था श्रद्धा सिद्ध करना पड़ेगी हम तो जन्म से अखाड़े से जुड़े लोग हैं कांग्रेस पार्टी ने कभी धर्म की आड़ में अधर्म को बढ़ावा नहीं दिया। आजादी के पहले से आजादी के बाद तक तीन गांधीओं का खून भारत भूमि में मिला है।

विधायक संजय यादव ने कहा नर्मदा किनारे बसे संस्कारधानी जबलपुर में धर्म की आड़ में अधर्म को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विधायक विनय सक्सेना ने कहा की हम अहिंसा का जवाब अहिंसा से देने में सक्षम है लेकिन हम उस पार्टी के सिपाही हैं जो हमेशा से अहिंसा की पक्षधर रही है। महिला कांग्रेस की प्रदेश प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती विभा पटेल ने कहा कि कांग्रेस कार्यालय में तोड़फोड़ की घटना की चर्चा पूरे देश में है आखिर क्या कारण है कि भाजपा सरकार अभी तक दोषियों पर पूरी कड़ी कार्रवाई करने में धर्म संकट मे है।

### एक तरफ हिंसा वादी दूसरी तरफ गांधीवादी -अन्नू सिंह

शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व महापौर श्री जगत बहादुर सिंह च्चअन्नूज्ज ने अपना उद्बोधन बजरंग बली की जय ,नर्मदा मैया की जय के साथ आरंभ करते हुए कहा कि मौन प्रतिकार यात्रा अन्याय के खिलाफ अहिंसक जवाब है ,प्रेम सद्भाव मैत्री के वातावरण में भारत आगे बढ़ा है इन विघटनकारी तत्वों का भारत भूमि में कहीं भी स्थान नहीं है नाही जबलपुर सहित पूरे देश में ऐसी विचारधारा की स्वीकार्यता है ।

युवक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष विक्रांत भूरिया ने कहा हमारे धैर्य को हमारी कमजोरी ना समझे प्रदेश सरकार अगर समय रहते सारे हमलावरों पर कार्यवाही नहीं करती तो पूरे प्रदेश में मौन हटाकर प्रतिकार यात्राएं निकाली जाएंगी ,प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ ।

इसी क्रम में एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे ने कहा जिस प्रकार से प्रदेश की भाजपा सरकार ने प्रदेश के युवाओं के साथ छल कपट किया है पूरे प्रदेश का नौजवान छात्र रोजगार की तलाश में भटक रहा ह रहा है और प्रदेश की भाजपा सरकार इस प्रकार के संगठनों को बढ़ावा दे रही है संरक्षित कर रही है यह किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं किया जाएगा ।प्रदेश की सरकार जबलपुर की घटना में शामिल सभी लोगों पर कार्यवाही करें।

मौन प्रतिकार यात्रा में डॉक्टर निलेश जैन प्रभारी सुनील जैन सह प्रभारी विभाष जैन नीलेश अवस्थी डॉ आलोक चंसौरिया मदन तिवारी रमेश चौधरी आलोक मिश्रा जगदीश सैनी तलविदर गुजराल,कौशल्या गोटिया सन्मति सैनी सौरव शर्मा दिनेश यादव सतीश उपाध्याय रेखा विनोद जैन बलविंदर मान इंदिरा तिवारी पाठक मुकेश राठौर विजय रजक जतिन राज सतीश तिवारी शिव कुमार चौबे,कपिल श्रीवास्तव शिव अग्रवाल सलिल चौक से डिक्की जान विमल जैन संजय श्रीवास्तव बलवंत गुर्जर रिंकू यादव अभिषेक चंदेल आजम खान रविंद्र कुशवाहा मोहम्मद आजाद,सुसिम घर, पार्षद अयोध्या तिवारी संतोष पंडा गुड्डू नबी मोहम्मद कलीम अख्तर अंसारी वकील अंसारी सतेंद्र चौबे अमरीश मिश्रा दिनेश सिंगरौल शेखर सोनी दिनेश तामसेवार, गार्गी यादव एकता गुप्ता अतुल बाजपेई अजय अग्रवाल मनोज नामदेव राजेंद्र रजक गुरु कुशवाहा आरिफ बेग दिलीप कटारिया अमित युवा विजय जैन रज्जू सराफ सहित शहर एवं ग्रामीण कांग्रेस के सभी कांग्रेस जन उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन डॉक्टर निलेश जैन ने किया एवं कार्यक्रम का कुशल संचालन संगठन मंत्री मनोज सेठ ने किया।



# मृतक रघुनाथ को जीआईएफ में दी श्रद्धांजलि

**जी एम द्वारा जल्द क्षतिपूर्ति और यथा संभव मदद का वादा**

**जबलपुर यशभारत।** गत दिवस जीआईएफ में ग्राइंडिंग व्हील टूटने से मृतक रघुनाथ को महाप्रबंधक सहित सभी यूनियन एसोसिएशन के साथ सभी कर्मचारियों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।इस मौके पर महाप्रबंधक सुकान्त सरकार ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि पूरी निर्माणी इस घटना से दुखी है।हम मृतक के परिवार के साथ हैं।उसके परिवार को अति शीघ्र क्षतिपूर्ति के साथ निर्माणी हर संभव मदद को तत्पर है। इस मौके पर कार्यसमिति की ओर से राकेश दुबे मजदूर यूनियन की ओर से मनोज साहू जनता यूनियन से शशिभूषण पाण्डेय प्रशासन की ओर से जनसंपर्क अधिकारी कुमार मनीष एवं अधिकारी तथा कर्मचारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# शादी में गया था परिवार चोरों ने कर दिया घर साफ

**सोने चांदी के जेवरात सहित नगदी ले गए**



**जबलपुर यश भारत।** पनागर थाना क्षेत्र के अंतर्गत विलगवा ग्राम में चोरों ने सूने मकान में धावा बोलकर वहां रखें सोने चांदी के जेवरात एवं टीवी सहित नगदी रुपए लेकर फरार हो गए चोरों ने इस वारदात को उस समय अंजाम दिया जब पीड़ति पक्ष अपने रिश्तेदार के यहां घर में ताला लगा कर शादी समारोह में गया हुआ था पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर अज्ञात के विरुद्ध चोरी का प्रकरण दर्ज कर उसकी पतारसीकरने में लगी हुई । इस संबंध में पनागर पुलिस ने बताया कि विलगवा निवासी जयराम रजक के रिश्तेदार के यहां शादी समारोह था वह बीती रात मकान में ताला लगा कर परिवार सहित शादी में गया हुआ था अज्ञात चोरों ने पुणे मकान का फायदा उठाकर घर के अंदर रखें सोने चांदी के जेवरात पुरानी टीवी एवं नगदी 5000 पारकर फरार हो गए इस घटना का पता पीड़ति को समय पता चला जब वह शादी समारोह से घर आया तो ताला टूटा हुआ मिला एवं घर के अंदर सामान बिखरा पड़ा था इस घटना की रिपोर्ट पुलिस में दर्ज कराई गई पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर घटना की पड़ताल शुरू कर दी है।

# जबलपुर कांग्रेस सेवा दल ने संस्थापक डॉ नारायण सुब्बाराव हार्डीकर की जयंती मनाई

**जबलपुर, यशभारत। भारत के इतिहास में डा. हार्डीकर जी एक ऐसे योध्दा थे जिन्होंने अपने संकल्प के लिए मंत्री पद का भी आमंत्रण को अस्वीकार किया था उस समय के प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू जी ने उन्हें देश सेवा के लिए मंत्री बनने का आग्रह किया था परंतु डॉक्टर एन एस हार्डी कर जी ने उनके आगृह को यह कह कर अस्वीकार कर दिया था की सेवा दल सत्ता के लिए नहीं सेवा और संघर्ष के लिए बना है सेवा और संघर्ष निरंतर जारी रहेगा।**

उक्त आशय के विचार सेवादल के राष्ट्रीय महासचिव डा. सत्येंद्र यादव जी ने डा हार्डी कर जी की जयंती पर व्यक्त कियाजबलपुर अमखेरा स्थित हार्डी कर परिसर मैं जबलपुर कांग्रेस सेवा दल ने अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सेवा दल के संस्थापक डॉक्टर एनएस हार्डी कर जी की जयंती मनाई इस अवसर पर दिवंगत आत्मा की छाया चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी गई और उसी के साथ एक संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सेवा दल के महासचिव डॉक्टर सत्येंद्र यादव कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट राजेंद्र मिश्रा जी ने किया और इस कार्यक्रम में सभी का आभार नगर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष पंडित सतीश तिवारी ने व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में शहर कांग्रेस सेवादल के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के सदस्य एडवोकेट राजेंद्र मिश्रा महेश पसीने श्वेता दुबे महेश दत्त राय राजकुमार झारिया देव कुमार परोहा पंचम यादव राम कुमार विश्वकर्मा रघुवीर कुशवाहा मुकेश गोरी जुनेद अंसारी इनायत खान अनवर मंसूरी अशोक कुमार यशवंत पटेल गंगाराम पटेल वीरेंद्र कुमार जितेंद्र सिंह विनोद पटेल गोलू सिंह गौरैया यादव कमलेश सिंह मिश्री पटेल कोमल यादव मिश्रीलाल राय त्रिलोक सिंह इस्माइल पठान युसूफ शेख चंदेश गिरी गोस्वामी चंदू यादव अनारी कोरी बबला भाई जान यूनुस भाई जान सुदामा पटेल लखन पटेल विवेक पटेल जितेंद्र यादव सहित अनेक सेवादल के सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बस कंडक्टर एवं सूत्र सेवा कर्मचारियों की ईमानदारी

**सोना चांदी और रुपया से भरा बैग लौटाया,यात्री श्रीमती निशाद खान के चेहरे पर लौटी मुस्कान**



**जबलपुर,यशभारत।** नगर निगम द्वारा जे.सी.टी.एस.एल. के माध्यम से चलो बस सेवा यात्रियों के लिए संचालित की जा रही है। आज चलो बस सेवा की यात्री श्रीमती निशाद खान जो जबलपुर से सिवनी के लिए समय 02:35 बजे सिवनी के लिए रवाना हुई थी, जिनका बैग जिसमें कीमती सामान था, बस में छूट गया, जिसके कारण श्रीमती निशाद खान परेशान हो गई थी। इस दौरान चलो बस कंडक्टर एवं सूत्र सेवा ऑफिस के कर्मचारियों की सहायता से जानकारी लेकर श्रीमती निशाद खान को बैग लौटाया गया। बैग प्राप्त करने के पश्चात उन्होंने चलो बस के स्टाप और सूत्रसेवा ऑफिस के सभी कर्मचारियों का बहुत-बहुत धन्यवाद दिया।

चलो बस के कंडक्टर ने बताया कि सोना चांदी एवं नगदी से भरा बैग, श्रीमती निशाद खान जो जबलपुर से सिवनी के लिए 2:35 बजे की चलो बस (सूत्र सेवा) बस क्रमांक एमपी 20 पी.ए. 1181 नम्बर बस की सीट नंबर 3, 4 में सिवनी के लिए रवाना हुई थी सिवनी आने के पश्चात उनका पिंक कलर का बैग गाड़ी में ही छूट गया जिसमें 81 सो रुपए नगद, एक मोबाइल, सोने का हार, सोने की चूड़ियां और भी अन्य कीमती सामान उस बैंक में था जानकारी मिलने पर चलो बस के कंडक्टर एवं सूत्र सेवा ऑफिस के कर्मचारियों की सहायता से बैग की जानकारी लेकर श्रीमती निशाद खान को लौटाई गई। इस सराहनीय कार्य एवं चलो बस सेवा टीम के सदस्यों के द्वारा ईमानदारी की मिशाल देखने को मिली निगमायुक्त स्वप्निल वानखड़े ने सी.ई.ओ. सचिन विश्वकर्मा, के साथ बस कंटक्टर एवं सूत्र सेवा ऑफिस के कर्मचारियों को शाबाशी दी और आगे भी इसी तरह ईमानदारी पूर्वक पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य करने तथा यात्रियों की सेवा करने की शुभकामनाएँ दी।

**शहर एवं देहात के क्षेत्रों में चला पुलिस का हंटर**

# कॉम्बिंग गश्त के दौरान 568 वारंटी दबोचे गए



**जबलपुर।** एसपी तुषारकांत विद्यार्थी के निर्देश पर शहर एवं देहात के क्षेत्रों में पुलिस बल द्वारा अलग-अलग स्थानों पर बीती रात कॉम्बिंग गश्त की। इस दौरान पुलिस ने 568 वारंटियों को और फरार 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस की टीमों ने अलग-अलग जगहों पर कॉम्बिंग गश्त करते हुए 155 गैर म्यादी एवं 194 गिरफ्तारी वारंटियों को पकड़ा है। 219 जमानती वारंट तामील किए गए, वहीं गश्त के दौरान फरार 02 आरोपी थाना हनुमानताल में धारा 307 भा.द.वि. के प्रकरण में फरार आरोपी असलम कुरैशी एवं थाना रांझी में 302 भा.द.वि. के प्रकरण में महेन्द्र डुमार को पकड़ा गया है।कॉम्बिंग गश्त के दौरान वारंटी एवं लंबित मामलों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रत्येक थाने में 3 से 4 टीमें बनाई गई है। एक टीम के प्रभारी थाना प्रभारी स्वयं थे एवं अन्य टीम के प्रभारी उप निरीक्षक / सहायक उप निरीक्षक स्तर के अधिकारी थे।

# मुक्ति ने मनाया थैलेसीमिया एवं सिकलसेल बच्चों के साथ के साथ विश्व थैलेसीमिया दिवस

**जबलपुर, यशभारत। मुक्ति थैलेसीमिया के तत्वावधान में विश्व थैलेसीमिया दिवस पर समदड़िया मॉल (आरणा हॉल) में थैलेसीमिया एवं सिकलसेल बच्चों के साथ में आयोजन वाह हुआ उपस्थित 52 थैलेसीमिया एवं चिकन सिकल सेल बच्चों ने समदड़िया मॉल के गेम जोन में 2 घंटे बिताकर लुफ्त उठाया।**

उपस्थित बच्चों के माता-पिता होगा निशुल्क मधुमेह,कोलेस्ट्रॉल फ्री चेकअप हुआ। सभी बच्चों को डॉ स्नेहा मठवानी द्वारा वाटर बोतल टिफिन बॉक्स गिफ्ट किया गया।मुक्ति के रक्त वीर शक्ति वीरांगनाओं को सम्मान किया गया।आयोजन में टीम मुक्ति फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष डॉ विवेक जैन एवं कार्यक्रम को सहयोग बनाने में एनएचएम डायरेक्टर श्री सुमित बंसल, सीएचएमओ डॉ संजय मिश्रा प्रदेश संयोजक चिकित्सा प्रकोष्ठ डॉ अश्विनी त्रिवेदी, रेड क्रॉस सचिव अशीष दिक्षित, व्यापारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मनीष जैन कल्लू, सक्षम प्रांतीय अध्यक्ष पीयूष जैन, नोडल अधिकारी डॉ के के वर्मा, महिला बाल विकास अधिकारी मनोज सेठ डॉ स्नेहा मेठवानी, रितेश ओझा, पल्लवी सुमैया, सरबजीत सिंह पाल, अध्यक्ष नीलू जैन, उपाध्यक्ष



शरद खरे, कविता श्रीवास्तव, सचिव अंजना वर्मा, एड. आशीष कोटवानी, एड. संगीता कोहली, नीतू सिंह,रुपाली खरे, डॉ वीरेंद्र साहू, डॉ सचिन बुधौलिया, प्रीति मिश्रा, रजिया अकबरी, प्रीति मिश्रा, सिमरन बजाज, मुस्कान बाबरिया,अमिता सिंह का विशेष सहयोग रहा।

# मध्य प्रदेश के मंत्री हरदीप सिंह डंग की डीपी लगाकर ठग वाट्सएप पर मांगने लगा रुपये

**मंदसौर यशभारत।** अभी तक हैकर फेसबुक की आइडी हैक कर लोगों से रुपये मांग रहे थे पर अब वाट्सएप भी सुरक्षित नहीं रहा हैं। शनिवार को कैबिनेट मंत्री हरदीपसिंह डंग की डीपी लगाकर सुवासरा विधानसभा क्षेत्र में कई लोगों को वाट्स एप पर मैसेज भेजे गए। और किसी से 30 हजार, किसी से 20 हजार तो किसी से 10 हजार रुपये की मांग की गई। हालांकि अब इस तरह की बहुत घटनाएं होने से लोग सतर्क तो हैं फिर भी कुछ लोग इनके जाल में फंस ही जाते हैं। अकेले हरदीपसिंह डंग ही नहीं इस क्षेत्र के दूसरे नेताओं की डीपी लगाकर भी इस तरह के मैसेज भेजे गए। बाद में डंग ने इसकी शिकायत साइबर सेल में भी की हैं।



मध्य प्रदेश के मंत्री का फोटो वाट्सएप पर लगाकर ठग मांग रहे रुपये

### विधानसभा क्षेत्र के कई लोगों को आया मैसेज

जानकारी अनुसार शनिवार को सुबह से ही सुवासरा विस क्षेत्र के शामगढ़, सुवासरा व सीतामऊ क्षेत्र के कई लोगों को हरदीपसिंह डंग व अन्य नेताओं के फोटो वाली डीपी लगे नंबर से वाट्सएप पर मैसेज आए। इसमें वही हैकर्स की पुरानी स्टाइल में ही क्या कर रहे हो, अभी रुपये की जरुरत हैं इस नंबर पर फोन पे कर दो, जैसे मैसेज देखकर लोग तो सतर्क हो गए। शामगढ़ के निवासी विक्रम सिसौदिया ने बताया कि मोबाइल नंबर 9692280326 से आए मैसेज में 30 हजार रुपये की मांग की गई है। जब उससे बात की तो 30 हजार रुपये एक नए नंबर 9307962795 पर फोन पे के करने का बोला।

### आफिस अटेंडर का फोटो लगाकर भी मांगे पैसे

जिस नंबर से मैसेज आया उसकी डीपी पर मंत्री हरदीपसिंह डंग के साथ ही उनके आफिस अटेंडर रोहित का फोटो लगा था। विक्रमसिंह ने पूरी जानकारी मंत्री हरदीपसिंह को दी, तब डंग ने बताया कि यह फर्जी वाट्सएप नंबर पर हमारी फोटो लगाकर धोखाधड़ी की जा रही है। सीतामऊ जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि रोडमल वर्मा के नाम से भी कोई लोगों से रुपये मांगे गए।

### मंत्री डंग ने डाली पोस्ट

कई लोगों के पास रुपये मांगने संबंधी मैसेज मिलने के बाद कैबिनेट मंत्री हरदीपसिंह डंग ने अपने फेसबुक अकाउंट से पोस्ट डालकर सभी को सुचित किया है की वाट्सएप पर मेरी तस्वीर का इस्तेमाल कर किसी नंबर से रुपये मांगे जा रहे हैं। यह हरकत किसी हैकर द्वारा की जा रही हैं। मैने अधिकारियों को भी शिकायत भेज दी है। सभी से भी आग्रह है कि सचेत रहे और आज तथा भविष्य में भी इस तरह की किसी भ्रामक संदेश से बचें एवं सावधान रहें।

# रतलाम, नरसिंहपुर व ग्वालियर में बढ़ी गर्मी भोपाल, इंदौर, उज्जैन में बारिश की संभावना



**भोपाल यशभारत।** वर्तमान में अलग-अलग स्थानों पर तीन मौसम प्रणालियां सक्रिय हैं, लेकिन बंगाल की खाड़ी में बन रहे चक्रवाती तूफान मोका के कारण वातावरण से नमी कम होने लगी है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक वर्तमान में अरब सागर से मिल रही कुछ नमी के कारण रविवार को भोपाल, इंदौर, उज्जैन संभाग के जिलों में कहीं-कहीं शाम के समय गरज-चमक के साथ बूंदाबांदी हो सकती है। साथ ही अब पूरे मध्य प्रदेश में दिन के तापमान में बढ़ोतरी होगी। उधर, शनिवार को सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक रतलाम में 0.8 मिलीमीटर वर्षा हुई। उज्जैन में बूंदाबांदी हुई। प्रदेश में सबसे अधिक 39 डिग्री सेल्सियस तापमान रतलाम, नरसिंहपुर एवं ग्वालियर में दर्ज किया गया। रविवार को इन जिलों में दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी पाकिस्तान पर हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात के रूप में बना हुआ है। उत्तर-पूर्वी राजस्थान पर हवा के ऊपरी भाग में भी एक चक्रवात बना हुआ है। उधर, बंगाल की खाड़ी में हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बन गया है।मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में बना चक्रवात रविवार को कम दबाव का क्षेत्र बनेगा। यह मौसम प्रणाली रविवार को अवदाब का क्षेत्र बना सकती है। इसके बाद इसके गहरे अवदाब का क्षेत्र बनने के बाद चक्रवाती तूफान मोका में बदलने की संभावना है। शुक्ला के मुताबिक बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवात के कारण मध्य प्रदेश में नमी मिलने का सिलसिला कम हो गया है। इस वजह से मौसम धीरे-धीरे साफ होने लगा है। इस वजह से धूप निकलने लगी है। हालांकि, उत्तर-पूर्वी राजस्थान पर बने चक्रवात के कारण अरब सागर से कुछ नमी मिल रही है। इस वजह से रविवार को भी भोपाल, इंदौर, उज्जैन संभाग के जिलों में आंशिक बादल बने रह सकते हैं। साथ ही शाम को कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ बूंदाबांदी होने की संभावना है। शेष संभागों के जिलों में मौसम मुख्यत-शुष्क रहेगा।

# डीजीपी सहित 20 हजार पुलिसकर्मी सड़क पर उतरे, लोगों से पूछीं समस्याएं



**भोपाल ,यशभारत।** प्रदेश में पहली बार पुलिस के 20 हजार से अधिक अधिकारी-कर्मचारी गश्त के लिए सड़क पर उतरे। आम लोगों में सुरक्षा की भावना बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देश पर यह गश्त की गई। डीजीपी सुधीर कुमार सक्सेना ने भोपाल में गश्त में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा के संबंध में लोगों से बातचीत भी की। उन्होंने टीटी नगर थाना से जीआरपी थाना, बजरिया तक ढाई घंटे में 10 किमी पैदल गश्त की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसी वर्ष जनवरी में दिल्ली में हुए पुलिस महानिदेशकों के सम्मेलन में लोगों में सुरक्षा की भावना बनाने के लिए गश्त को बहुत प्रभावी कदम बताया था। उन्होंने मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा की जा रही पैदल गश्त का भी उल्लेख किया था। इसके बाद मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हाल ही में कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान आमजन में सुरक्षा की भावना बनाए रखने के लिए पैदल गश्त करने को कहा था।

### इसलिए की गई गश्त

नागरिकों में सुरक्षा की भावना एवं अपराधियों के मन में भय पैदा करना। - आमजन और पुलिस के बीच संवाद स्थापित करना। - लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ाना। - किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस को भौगोलिक स्थिति का ज्ञान रहे। - पुलिस का सूचना तंत्र मजबूत बने।

### डीजीपी ने दुकानदारों और रहवासियों से बात की

डीजीपी सुधीर सक्सेना अधिकारियों के साथ रंगमहल चौराहा, रोशनपुरा, कंट्रोल रूम, पीएचक्यू तिराहा, शब्बन चौराहा, जिंसी चौराहा, पुल बोगदा, प्रभात चौराहा, थाना अशोका गार्डन के सामने से होते हुए स्टेशन बजरिया थाना तक पहुंचे। उन्होंने जगह-जगह रुककर दुकानदारों एवं रहवासियों से बात की। डीजीपी के साथ पुलिस आयुक्त हरिनारायणाचारी मिश्र, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अनुराग शर्मा, डीसीपी साई कृष्णा, डीसीपी क्राइम श्रुत कीर्ति सोमवंशी एवं अन्य अधिकारी शामिल हुए।

# मणिपुर हिंसा में मप्र के 30 छात्र फंसे, पंधाना विधायक ने रेस्क्यू के लिए सीएम को लिखा पत्र



**भोपाल, ईएमएस।** पूर्वोत्तर राज्य मणिपुण के कुछ जिलों में बीते कुछ दिनों से हिंसा और उपद्रव के हालात हैं। मणिपुर में भड़की हिंसा में अब तक करीब 50 लोगों की मौत हो चुकी है। वहां भड़की हिंसा के बीच मप्र के भी करीब 30 छात्रों के इंफाल में फंसे होने की सूचना है। पंधाना से भाजपा विधायक राम दांगोरे ने इस छात्रों के रेस्क्यू की मांग करते हुए सीएम शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखा है।विधायक राम दांगोरे ने सीएम को भेजे अपने पत्र में लिखा- मणिपुर में चल रहे उपद्रव तथा उन्माद के लगातार बढ़ने के चलते वहां पर फोन तथा इंटरनेट सुविधा बंद कर दी गई है और भारतीय सेना को तैनात कर दिया गया है। इम्फाल के एनएसयू विश्वविद्यालय में मध्यप्रदेश के लगभग 30 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं, जिनमें खंडवा के तीन विद्यार्थी शामिल हैं। मणिपुर राज्य में दंगे के हालात निर्मित होने के बाद स्थितियां अनियंत्रित हो गई हैं, जिसके कारण मेघालय, नागालैंड, मणिपुर सरकार ने अपने राज्य के छात्रों को निकालने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। अतः आपसे खंडवा सहित मध्यप्रदेश के अन्य विद्यार्थियों को एयरलिफ्ट करवाकर रेस्क्यू कर वापस मध्यप्रदेश लाए जाने का अनुरोध है।

# बेहटा गांव के पुराने घाट को गुलाब उद्यान से जोड़ा जाए तो बन सकता है पर्यटन स्थल

**भोपाल, ईएमएस।** बड़ी झील के एक किनारे पर बना बोरवन पार्क संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़) का सबसे सुंदर और हरा-भरा पार्क बन चुका है, लेकिन दूसरे छोर पर स्थित बेहटा घाट धीर-धीरे उजड़ता जा रहा है। यदि घाट को विकसित कर दिया जाए तो यह आकर्षक पर्यटन स्थल बन सकता है। यहां मिनी बोट क्लब एवं कैफेटेरिया का प्रस्ताव बना था, पर पूरा नहीं हो सका। 15 साल पहले तक बेहटा घाट रौनक भरा स्थान था। यहां हर साल दुर्गोत्सव एवं गणशोत्सव धूमधाम से मनाया जाता था। नगर की प्रतिमाओं का विसर्जन भी यहां होता था। पूजा-अर्चना एवं पूजन सामग्री प्रवाहित करने बड़ी संख्या में लोग घाट पर पहुंचते थे। प्रशासन ने बड़ी झील को प्रदूषण मुक्त रखने के उद्देश्य से यहां प्रतिमाओं के विसर्जन पर रोक लगा दी। नगर निगम ने सीहोर नाके पर अस्थायी घाट बना दिया। इसी के साथ ही बेहटा घाट की रौनक कम हो गई। पर्यटन विकास निगम ने यहां पर बोट क्लब एवं कैफेटेरिया बनाने का प्रस्ताव बनाया, पर इस पर अमल नहीं हो सका। संत हिरदाराम नगर के नागरिकों ने बेहटा घाट को गुलाब उद्यान से जोड़ने का सुझाव दिया है। बैरागढ़ के सीहोर नाका क्षेत्र में संत हिरदाराम गुलाब उद्यान विकसित करने का काम चल रहा है। विधायक रामेश्वर शर्मा इसमें गहरी रूचि ले रहे हैं। रामेश्वर ने भी पिछले दिनों अधिकारियों से उद्यान को बेहटा घाट से जोड़ने के लिए सर्वे करने को कहा था। बोरवन क्लब ने भी सहयोग की पेशकश की है। यहां पर राजधानी के बोट क्लब की तरह बोट चलाकर इसे सुंदर पर्यटन स्थल बनाया जा सकता है। घाट पर हर साल बोट रेस भी होती है। गुलाब उद्यान से जोड़ने से यह सुबह एवं शाम को सैर करने वालों के लिए भी अच्छा स्थान बन जाएगा। पूरे क्षेत्र में वाक-वे बनाया जा सकता है।



# दो सौ लाड़लियों को देश की सीमाओं की सैर कराएगी सरकार, हर जिले से मांगे नए नाम

**भोपाल, यशभारत।** प्रदेश की दो सौ लाड़ली लक्ष्मी बेटियों को देश की सीमाओं की सैर कराई जाएगी। इसके लिए प्रत्येक जिले से तीन से चार लाड़लियों के नाम मांगे गए हैं। खेल एवं युवक कल्याण विभाग के मां तुझे प्रमाण कार्यक्रम के तहत पिछले साल से बेटियों को देश की सीमाओं पर भेजा जा रहा है। आयुक्त महिला एवं बाल विकास विभाग डा़ रामराव भोंसले ने जिला कार्यक्रम अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि नौवीं से 12वीं कक्षा की छात्राओं के नाम भेजें। खेल एवं युवक कल्याण विभाग के मां तुझे प्रमाण कार्यक्रम के तहत पिछले साल से बेटियों को देश की सीमाओं पर भेजा जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य बेटियों में देशभक्ति का भाव पैदा करना है। पिछले साल 196 बेटियों को बाघा बार्डर पर भेजा गया था। वे गांव की मिट्टी लेकर गई थीं और हमारे देश की रक्षा करने वाले सैनिकों के माथे पर तिलक किया था। बार्डर से लौटने के बाद बेटियों ने गांव में अपने अनुभव साझा किए थे। सभी जिलों से नाम आने के बाद यह तय होगा कि बेटियों को कब और कहां भेजा जाएगा।

# मध्य प्रदेश में समर्थन मूल्य पर मूंग और उड़द फसलों की खरीदी का पंजीयन 8 से 19 मई तक

**भोपाल ईएमएस।** प्रदेश के किसानों से ग्रीष्मकालीन फसल मूंग और उड़द की समर्थन मूल्य पर खरीदी के लिए प्रदेश सरकार ने आठ मई 19 मई तक पंजीयन करने का निर्णय लिया है। कृषि मंत्री पटेल ने बताया कि प्रदेश के 32 जिलों में मूंग और 10 जिलों में उड़द का उत्पादन होता है। इन जिलों में किसानों से अपील है कि वह आठ से 19 मई तक अपनी फसल समर्थन मूल्य पर सरकार को बेचने के लिए खरीदी का पंजीयन कराएं। कृषि मंत्री पटेल ने बताया कि नर्मदापुरम, नरसिंहपुर, रायसेन, हरदा, सीहोर, जबलपुर ,देवास, सागर, गुना, खंडवा, खरगोन, कटनी, दमोह ,विदिशा, बड़वानी, मुरैना, बैतूल , श्योपुरकला , भिंड, भोपाल, सिवनी, छिंदवाड़ा, बुरहानपुर, छतरपुर, उमरिया, धार, राजगढ़, मंडला, शिवपुरी अशोकनगर, इंदौर, बालाघाट जिलों में मूंग का उत्पादन किसान करते हैं। वही जबलपुर ,कटनी, नरसिंहपुर, दमोह, छिंदवाड़ा, पन्ना, मंडला, उमरिया, सिवनी और बालाघाट में उड़द की फसल की खेती किसान भाई ग्रीष्म काल में करते हैं।

### सरकारी खरीद में मध्य प्रदेश का प्रदर्शन सबसे बेहतर

सरकारी खरीद में मध्य प्रदेश का प्रदर्शन सबसे बेहतर है। प्रदेश में 4.29 मिलियन टन गेहूं की खरीद हो चुकी है। लक्ष्य 8 मिलियन टन का है। प्रदेश में खरीद में बीते साल से 66 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। हरियाणा और उप्र में भी वृद्धि है लेकिन पंजाब में कमी आती दिखी है। इससे पहले सेंट्रल पूल में गेहूं की कमी के कारण बीते वर्ष 10 राज्यों की सार्वजनिक वितरण प्रणाली में कोटा कम कर दिया था। अब गेहूं की खरीदी पूरी होने के बाद इस महीने के आखिर तक केंद्र वितरण प्रणाली के कोटे की समीक्षा कर बहाली कर सकता है।

# हाईटेंशन लाइन का करंट लगने से नौ साल के बालक की मौत

**भोपाल ,यशभारत।** निशातपुरा थाना इलाके की गोया कालोनी में रहने वाला नौ वर्षीय शिवम पुत्र मालमसिंह अहिरवार एक मई को शाम के समय घर की छत पर खेल रहा था। उस समय हल्की वर्षा भी हो रही थी, तभी उसे घर के पास से गुजर रही हाईटेंशन लाइन का जोरदार झटका लगा। स्वजन ने उसे उपचार के लिए एम्स में भर्ती कराया था। इलाज के दौरान शुक्रवार शाम को शिवम की मौत हो गई। इसी थाना क्षेत्र में रहने वाली 14 वर्षीय ऋतु यादव ने शुक्रवार सुबह लगभग साढ़े सात बजे घर में कोई जहरीला पदार्थ का लिया था। स्वजन ने उसे पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। कुछ देर चले उपचार के बाद सुबह 10 बजे ऋतु की मौत हो गई। किशोरी के पिता सेंट्रिंग लगाने का काम करते हैं।

# तीन वार्ड के 24 से अधिक क्षेत्रों में पहुंची महापौर ,किया स्वच्छता संवाद

**भोपाल, यशभारत।** शहर को स्वच्छता में नंबर वन बनाने के लिए महापौर मालती राय हर दिन दो दर्जन से अधिक क्षेत्रों में जाकर लोगों से संवाद कर रही है। इसी के तहत वह शनिवार को भी तीन वार्ड के 24 से अधिक क्षेत्रों का महापौर ने भ्रमण किया और लोगों से संवाद कर अपने आसपास साफ-सफाई बनाए रखने की अपील की है। साथ ही नगर निगम अमले को निर्देश दिए हैं कि बाजारों, रहवासी क्षेत्रों व नाला-नालियों की सफाई बेहतर तरीके से की जाए। वह जोन क्रमांक नौ के वार्ड 36,38 और 69 के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंची थीं।महापौर मालती राय ने एकतापुरी, हिनौतिया, परिहार चैराहा, अशोका गार्डन, 80 फीट रोड, सेमरा सहित विभिन्न क्षेत्रों में स्थित नालों, बाजारों व रहवासी क्षेत्रों का निरीक्षण किया और नाला-नालियों की नियमित एवं बेहतर साफ-सफाई सुनिश्चित करने, डोर-टू-डोर कचरा एकत्रीकरण एवं साफ-सफाई व्यवस्था और अधिक चुस्त-दुरूस्त बनाने, गंदगी फैलाकर सफाई व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।बाजारों एवं रहवासी क्षेत्रों में नागरिकों व व्यवसायियों से संवाद करते हुए गीले-सूखे कचरे के लिए अलग-अलग डस्टबिन रखने और कचरा एकत्र करने वालों को अलग-अलग डस्टबिन में कचरा देने, निगम की स्वच्छता की गतिविधियों में सक्रिय सहयोग देकर अपने शहर भोपाल को देश का सबसे स्वच्छ और प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने का आह्वान किया है।

# डीएसपी के सरकारी आवास से बेटे की महंगी साइकिल चोरी



**भोपाल,यशभारत।** लोकायुक्त की विशेष स्थापना पुलिस में एक डीएसपी के सरकारी आवास से उनके पुत्र की स्पोर्ट्स साइकिल चोरी चली गई। घर की बाउंड्रीवाल फांदकर अंदर आया एक नकाबपोश साइकल चोरी करते हुए सीसीटीवी कैमरे में दिखा है। टीटी नगर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज करते हुए छानबीन शुरू कर दी है।टीटी नगर थाना पुलिस के मुताबिक एफ-90/39 तुलसी नगर में रहने वाले संजय शुक्ला लोकायुक्त की विशेष स्थापना पुलिस में डीएसपी हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि 23 अप्रैल को घर में रखी बेटे की स्पोर्ट्स साइकल न मिलने पर उनके द्वारा आवास परिसर में लगे सीसीटीवी के फुटेज देखे। जिसमें 22-23 अप्रैल की दरमियानी रात करीब दो बजे के लगभग एक नकाबपोश व्यक्ति घर की बाउंड्रीवाल फांदकर अंदर आया। वह आंगन में रखी स्पोर्ट्स साइकल चुराकर ले गया। साइकल की कीमत 13 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस ने शुक्ला की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ घर में घुसकर चोरी करने का मामला दर्ज किया है। सीसीटीवी से मिले हुलिए के आधार पर पुलिस आरोपित की तलाश कर रही है।हाइटेंशन लाइन की चपेट में आने से 09 वर्षीय बालक की मौत उधर, निशातपुरा थाना इलाके की गोया कालोनी में रहने वाला नौ वर्षीय शिवम पुत्र मालमसिंह अहिरवार एक मई को शाम के समय घर की छत पर खेल रहा था। उस समय हल्की वर्षा भी हो रही थी, तभी उसे घर के पास से गुजर रही हाइटेंशन लाइन का जोरदार झटका लगा। स्वजन ने उसे उपचार के लिए एम्स में भर्ती कराया था। इलाज के दौरान शुक्रवार शाम को शिवम की मौत हो गई।

# फर्जी अनुबंध से कराई रजिस्ट्री, जगह बदल की स्टांप ड्यूटी में गड़बड़ी

**भोपाल यशभारत।** हुजूर तहसील के बरखेड़ा नाथू की तीन एकड़ जमीन का रजिस्टर्ड अनुबंध करने के बाद किसान ने फर्जी अनुबंध बनाकर जमीन दूसरे को बेच डाली। जब अनुबंध करने वालों को इसका पता चला तो उन्होंने सब रजिस्ट्रार बृजेंद्र शुक्ला के यहां आपत्ति पेश की लेकिन दूसरे क्षेत्र के सब रजिस्ट्रार अजमल सिंह मारण ने दो मई को रजिस्ट्री कर दी है। रजिस्ट्री कराने में जमीन की जगह बदलकर तीन लाख रुपये की स्टांप चोरी की गई है। फरियादी ने किसान पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर रजिस्ट्री निरस्त करने की मांग की है।बताया जा रहा है कि उक्त मामले में वरिष्ठ जिला पंजीयक स्वप्नेश शर्मा द्वारा स्टांप चोरी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार फरियादी रविंद्र कटियार का आरोप है कि किसान मांगीलाल ने फर्जी तरीके से अनुबंध को निरस्त करने के दस्तावेज पेश कर रजिस्ट्री कराई है। सब रजिस्ट्रार ने भी आपत्ति के बावजूद रजिस्ट्री कर दी है। रजिस्ट्री होने के बाद खरीदार ने नामांतरण के लिए हुजूर तहसीलदार चंद्रशेखर श्रीवास्तव के यहां आपत्ति भी पेश की है।दरअसल 25 मई 2015 को किसान मांगीलाल ने 3 एकड़ 36 डेसीमल का रजिस्टर्ड अनुबंध रविंद्र कटियार सहित दो अन्य लोगों के साथ किया था।जिसमें एक करो? 16 लाख देने का सौदा तय हुआ था। जिसमें एडवांस के रूप में चार लाख रुपए की राशि दी गई। रजिस्टर्ड अनुबंध में एक लाख रुपए की स्टांप ड्यूटी भी चुकाई गई, लेकिन किसान ने फर्जी तरीके से इस अनुबंध को 29 अक्टूबर 2015 में रद्द बताकर जमीन की रजिस्ट्री राजा राव पिता यशवंत राव निवासी विदिशा और मोहम्मद फराज पिता ताहिर हसन निवासी तलैया भोपाल के नाम करा दी।





### स्टांप ड्यूटी चोरी करने बदल डाली जगह

किसान मांगीलाल ने राजा राव और मोहम्मद ताहिर को एक-एक एकड़ जमीन तीस लाख रुपए में बेची है। इस जमीन की रजिस्ट्री में बताया गया है कि जमीन सड़क किनारे नहीं है, जबकि यह जमीन बरखेड़ा नाथू मुख्य रोड पर स्थित है। ऐसे में खरीदारों ने रजिस्ट्री में तीन लाख रुपए की कम स्टांप ड्यूटी जमा कराई है। शिकायत के बाद स्टांप चोरी का केस दर्ज कर लिया है।

### रिकार्ड में दर्ज थी सरकारी भूमि

आठ साल पहले अनुबंध के दौरान यह जमीन खसरे में सरकारी दर्ज थी, जिसका संभागायुक्त दफ्तर में केस चल रहा था। यहां से आदेश होने के बाद तत्कालीन कलेक्टर ने इस खसरे से सरकारी हटाकर किसान के नाम जमीन दर्ज की गई। हाल ही में खसरे में अपडेशन के बाद ही किसान ने यह जमीन दूसरे लोगों को अधिक है।

# 45 बटुकों ने धारण किया यज्ञोपवीत संस्कार

**ब्राह्मण समाज सिहोरा का ग्यारहवाँ आयोजन**



**सिहोरा, यशभारत।** ब्राह्मण समाज सिहोरा की इकाई ब्राह्मण समाज युवा मंडल सिहोरा के माता महाकाली मंदिर खितौला सिहोरा में हुए यज्ञोपवीत संस्कार कार्यक्रम में 45 ब्राह्मण बटुकों ने यज्ञोपवीत संस्कार धारण किया।इस संस्कार को आचार्य सुरेन्द्र दास जी महाराज देवरी वालो द्वारा सम्पन्न कराया गया।ब्राह्मण समाज का सिहोरा में सम्पन्न होने वाला यह ग्यारहवाँ आयोजन था।

### बटुकों ने लिए अनेक संकल्प

ब्राह्मण बटुकों ने यज्ञोपवीत संस्कार धारण करते हुए अनेक संकल्प लिए।उन्होंने माता पिता गुरु की आज्ञा का पालन करने,हरे पेड़ो को न काटने,नग्न होकर न नहाने,नदी में स्नान से पूर्व उन्हें प्रणाम करने,मदिरापान न करने,नारी के प्रति संम्मान भाव रखने जैसे अनेक संकल्प लिए।

### दिन में तीन बार करे गायत्री मंत्र का जाप

यज्ञोपवीत धारण करने के दौरान आचार्य सुरेंद्र दास जी महाराज द्वारा प्रत्येक बटुक को गायत्री मंत्र से मंत्रित किया गया।विधान के अनुसार जब आचार्य बटुक के कानों में गायत्री देते है तो घंटे बजते रहे।यज्ञोपवीत संस्कार धारण करने वाले प्रत्येक बटुक को दिन में तीन बार गायत्री मंत्र के मौन मनन का विधान है।

### अनेक घरो में भिक्षा मांगी

यज्ञोपवीत संस्कार के अंत मे बैड बाजो के साथ सभी 45 बटुकों ने खितौला के ग्यारह घरों में भिक्षा मांगी।नगर की माताओं ने विप्र बटुकों के दरवाजे पर आकर ÷भिक्षाम देहि÷ के स्वर को सुनते ही बाहर आकर कुछ न कुछ भिक्षा प्रदान की।मान्यता के अनुसार बिना भिक्षा विधान के यज्ञोपवीत संस्कार पूर्ण नही माना जाता। आयोजन में विधायक नंदनी मरावी ने भी पहुंचकर गुरुजी एंव बटुकों का आशीर्वाद प्राप्त किया।

### ग्रामीण क्षेत्रों से भी पहुंचे बटुक

आज के इस आयोजन में सिहोरा ,खितौला, पनागर, दर्शनी आश्रम, पटोरी, कटनी, मझगवाँ ,गोसलपुर सहित अनेक ग्रामीण क्षेत्रों से आये बटुकों ने यज्ञोपवीत धारण किया। आयोजन को सफल बनाने में समाज के अध्यक्ष राकेश पाठक,अश्वनी कुमार पाठक,नंद कुमार परौहा, जयप्रकाश दुबे,कृष्णदत्त गौतम,महामंत्री प्रवीण कुररिया,नरेन्द्र त्रिपाठी,रवि दुबे,नवनीत शुक्ला, सुरेंद्र तिवारी,सतीश मिश्रा,राजेन्द्र दुबे, गोपाल पाठक,आलोक पांडे, धर्मशीला दुबे, सतीश गर्ग,अंकित तिवारी,आदित्य दुबे,प्रकाश दुबे,महेंद्र त्रिपाठी, अनिरुद्ध त्रिवेदी,अवधेश दुबे ,शैलेन्द्र दुबे,राजेश मिश्रा,नारायण तिवारी, सुनील तिवारी, राजकुमार तिवारी,प्रशांत बाजपेयी, सतेन्द्र तिवारी,अनिल दुबे ,अनिल जैन आदि का योगदान रहा।



# खिन्नी तिराहा गड्ढों में तब्दील

**रोज हो रहे हादसे जिम्मेदार बने बेखबर**

**गोसलपुर, यशभारत ।.सिहोरा तहसील के अंतर्गत गोसलपुर के नजदीक स्थित खिन्नी तिराहा गड्ढों में तब्दील हो गया है सड़क में सिर्फ गड्ढे ही गड्ढे नजर आ रहे हैं यह गहरे गड्ढे राहगीरों के लिए जानलेवा साबित हो रहे हैं आए दिन राहगीर वाहन चालक गिरकर घायल हो रहे हैं वही चार पहिया वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं स्थानीय निवासी व कांग्रेस के युवा नेता सचिन विश्वकर्मा ने बताया की यह समस्या विगत लंबे समय से बनी हुई है सूखे मौसम मे उड़ती धूल हल्की सी बारिश तिराहा कीचड से सन जाता है ।**

स्मरण रहेगी खिन्नी तिराहाघोराकोनी किनगी मलहना आमी चन्नौटा कैथरा मुरैठ खिन्नी सहित दर्जनभर गांव को जोड़ने वाला मार्ग है जहां पर दिन भर आवागमन बना रहता है परंतु यहां पर खिन्नी रोड पर स्थित जियोमिन प्लांट स्थित होने से दिन भर हजारों की संख्या में भारी वाहन हाईवा डंपर 16 चक्का ट्राला वाहन पहाड़ जैसे खनिज पदार्थ लौडकर गुजरते हैं और भारी वाहनों के यहां टर्न होने से इस तिराहे पर हमेशा भारी भारी गड्ढे बन जाते हैं इन गड्ढों में दर्जनों लोग गिरकर घायल हो चुके हैं अनेक राहगीरों के हाथ पैर टूट चुके हैं इस संबंध में अनेक बार शासन प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों एवं फैक्ट्री प्रबंधन को स्थानीय लोगों द्वारा अवगत कराया गया परंतु कोई सुधार नहीं किया गया जिससे स्थानीय रहवासियों में आक्रोश पनपता जा रहा है किसी दिन यह आक्रोश आंदोलन का रूप धारण कर लेगा स्थानीय रहवासी अरविंद सिंह ठाकुर लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा सुनील ठाकुर बृजमोहन पटेल युगल किशोर पटेल गोपाल पटेल गनपत सिंह चौहान अच्छेलाल राजभर सचिन विश्वकर्मा राधेश्याम पटेल एडवोकेट सोहन सोनी एडवोकेट राजेंद्र पटेल नोने लाल दाहिया मनोज पटेल मोहन चौधरी युद्धवीर पटेल विनोद मौरे मुकेश मोटवानी ने शासन प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों से इस ओर ध्यान देने की मांग की है।

## मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के चेक प्रदान किए गए

**कुंडम, यशभारत।** कुंडम जनपद पंचायत के अंतर्गत मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत 353 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया था मध्यप्रदेश शासन मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह की राशि 49000 रुपए की राशि का चेक 250 विवाहित जोड़ों को एक करोड़ 22 लाख 50,000 रुपए के चेक बांटे गए और 103 विवाहित जोड़ों की राशि रह गई है बाकी जनपद पंचायत कुंडम सीईओ का कहना है कि 103 विवाहित जोड़ों की राशि जिला पंचायत से डिमांड की गई है राशि आते ही 103 जोड़ों का भुगतान भी किया जाएगा ?49000 की राशि का चेक पाकर विवाहित जोड़ों के चेहरे खिल उठे क्षेत्रीय विधायक श्रीमती नंदनी मरावी जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष बरकडे जनपद पंचायत अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह धुर्वे विधायक प्रतिनिधि कमलेश साहू डॉ राजू साहू सरपंच अर्चना साहू सहित जनपद पंचायत कुंडम का पूरा स्टाफ उपस्थित रहा और विवाहित जोड़ों को चेक प्रदान कर रवाना किया गया.

# 21 मई को होगा उपनयन संस्कार

- सर्व ब्राह्मण सभा की बैठक संपन्न
- विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा



गोसलपुर, यशभारत। रविवार को राम सागर जलाशय के तट पर स्थित राधा-कृष्ण कुटी मंदिर के सभागार में सर्व ब्राह्मण सभा गोसलपुर सहित आसपास के गांवो से पहुंचे विप्रजनों की बैठक अध्यक्ष पंडित महेश तिवारी के संयोजन में संपन्न हुई
बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई साथ ही आगामी 21 मई दिन रविवार को बृहद रूप उपनयन कार्यक्रम नगर के बस स्टैंड स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के प्रांगण में उपनयन कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया साथ ही बैठक में पूर्व में हुए कार्यक्रमों की समीक्षा की गई व अन्य जानकारी व अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा संपन्न हुई इस मौके पर अध्यक्ष पंडित महेश तिवारी लक्ष्मण पालीवाल एन.के शुक्ला डी डी तिवारी राजेश तिवारी रवि तिवारी संजीव ओझा मनोज चौबे योगेंद्र चौबे रामजी तिवारी नीलेश दुबे सहित अनेक पदाधिकारी। मौजूद थे।

## नरसिंहपुर के पास तेज रफ्तार कार पलटी, पति-पत्नी की मौत, छह घायल

**जबलपुर,** । जबलपुर-भोपाल राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 45 पर ग्राम रमपुरा के पास एक कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। जिससे कार में दंपती की मौत हो गई। जबकि तीन बच्चों सहित अन्य लोग घायल हो गए। सभी घायल जबलपुर के ब्यौहारबाग सीएमएस चर्च कंपाउंड निवासी हैं। ये सभी कार क्रमांक एमपी 20 सीजी 9538 में सवार होकर जबलपुर से मामा ससुर की मिट्टी में शामिल होने इटारसी जा रहे थे ।घटना के बाद सड़क पर दोनों तरफ जाम लग गया। पुलिस की मदद से दुर्घटनाग्रस्त वाहन को हाइवे अलग कराया ताकि आवागमन प्रभावित न हो। घायलों को अलग-अलग एंबुलेंस से इलाज के लिए जिला अस्पताल में उपचार के बाद सभी को जबलपुर रेफर किया गया ।राजमार्ग चौराहा से करीब 20 किमी दूर घटित हादसे में बताया जाता है कि कार की गति काफी अधिक थी और अचानक चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया, कार डिवाइडर से टकराने के बाद बीच सड़क पर पलट गई। चारों चक?के ऊपर हो गए और ऊपरी हिस्सा सड़क पर गिरने से चपटा हो गया ।घटना की जानकारी लगते ही मौके पर पहुंची सुआतला पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन को हटवाने की कार्रवाई की।

# मोन प्रतिकार यात्रा में पनागर से पहुंचे सैकड़ों कार्यकर्ता

**पनागर, यशभारत।** आज जबलपुर संस्कारधानी में बजरंग दल द्वारा कांग्रेश कार्यालय में तोड़फोड़ के विरोध में कांग्रेश पार्टी के द्वारा मोन प्रतिकार यात्रा मैं पनागर से सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने पहुंच कर अपनी सहभागिता की एवं विरोध प्रदर्शन में भाग लिया नगर एवं ग्रामीण से काफी संख्या में लोगों ने पहुंचकर बजरंग दल के असामाजिक तत्वों का विरोध किया कार्यक्रम में विमल जैन पूर्व ब्लाक अध्यक्ष रामदास पटेल जगन्नाथ शर्मा वीरेंद्र दास बैरागी तुलसी कुशवाहा संजय श्रीवास्तव ब्लॉक अध्यक्ष गुड्डु यादव संजय ठाकुर जय कुमार सोनी शुभम राजा श्रीवास्तव सनू खरे अंशुल असाटी राजेश साहू आशीष कुशवाहा मंझगवा मनोज पटेल तिवारी खेड़ा सुशील केवट पिपरिया विजय पटेल मोहनिया के साथ अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।



## हिरण नदी जल संरक्षण,संवर्धन एवं वृक्षारोपण जनजागृति अभियान प्रारंभ

**सिहोरा, यशभारत।** राजा भंडरा कुवर नीलेश प्रताप सिंह के आह्वान पर हिरण नदी उद्गम स्थल कुंडम में जल संरक्षण एवं वृक्षारोपण जनजागृति अभियान का प्रारंभ बैठक एवं वृक्षारोपण करके किया गया जो हिरण नदी के प्रवाह मार्ग से चलते हुए नरसिंहपुर हिरण - नर्मदा नदी संगम तक चलेगा तथा प्रत्येक रविवार को किया जाएगा जिसमें हिरण नदी के किनारे पड़ने वाले प्रमुख प्रमुख स्थानों में वृक्षारोपण एवं प्राचीन जल स्रोतों का संरक्षण किया जाएगा एवं जल - वन संरक्षण के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा। समस्त सहयोगियों ने सभी सामाजिक संगठनों, राजनैतिक दलों,आम नागरिकों,प्रबुद्ध जनों से सहयोग एवं साथ आने की अपील की। इस अवसर पर कोमल कोरचे ,सुशील मरावी,नवनीत सिंह,रमेश सिंह,अशोक सिंह,मोहन सिंह अय्याम,आई. एस. परस्ते,वीरेंद्र पटेल,हर्ष ठाकुर,मनेंद्र सिंह ,उर्वशी सिंह,मेधावी राज सिंह,संतोष वरकड़े,सुखदेव सिंह,राम कुमार मरकाम,अर्चना कोरचे,उल्लेश्वरी मरकाम,अशोक कुमार एवं आदि उपस्थित रहे।



## श्री कृष्ण जन्मोत्सव में झूमे भक्त गूंजे जयकारे



**पाटन, यशभारत ।** ग्राम छितुरहा सकरा पाटन में चल रहे 51 कुंडीय विराट श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ आयोजक एवं परम पूज्य बालयोगी महंत स्वामी श्री चक्रानंद जी महाराज के सानिध्य में चल रहे वही श्री मद्भागवत कथा व्यास परम पूज्य आनंद पीठाधीश्वर स्वामी श्री रंजीतानंद सरस्वती महाराज जी अपनी अमृत मई वाणी से सभी भक्तों को श्रीमद्भागवत महापुराण का रसपान करा रहे हैं आज कथा के दौरान पूज्य महराज जी ने कृष्ण जन्म का वृतांत बाल लीलाओ दुष्टों का संहार सहित धरती वासी की रक्षा का विस्तार से श्रोताओं को समझाया कथा के पश्चात कृष्ण जन्मोत्सव के आयोजन में आसपास के ग्रामों के महिला पुरुष श्रोता गण झूमे नाचे और भगवान के जयकारों के बीच उत्सव मनाया।

## ब्रह्माकुमारी संस्थान में निःशुल्क समर कैंप का आयोजन

**नरसिंहपुर/तेंदूखेड़ा यभाप्र।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरी विश्वविद्यालय के शिक्षाविद सेवा प्रभाग द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए 5 मई से 15 मई तक समर कैंप का आयोजन किया गया है। समर कैंप सुबह 9 से 11 बजे तक रहेगा, बाल व्यक्तित्व विकास शिविर के दौरान कक्षा पांचवी से 12 वीं तक के बच्चे भाग ले सकेंगे। बच्चों को मेमोरी मैनेजमेंट, टाइम मैनेजमेंट, व्यक्तित्व विकास का आधार नैतिक मूल्य, दिव्य गुण , राजयोग मेडिटेशन से एकाग्रता और स्मरण शक्ति में वृद्धि, आत्मविश्वास कैसे बढ़ाए आदि विषयों पर प्रकाश डाला जाएगा । समर कैंप के दौरान कई प्रतियोगिताएं पेंटिंग स्पर्धा ,निबंध, भाषण एवं अन्य मनोरंजक खेल आयोजित किए जाएंगे । कैंप का समापन 15 मई को परिवार दिवस पर किया जाएगा

# बगदरी वाटरफॉल में मिली युवक लाश



**पाटन, यशभारत।** पाटन थाना क्षेत्र के बगदरी वाटरफॉल में एक युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आज सुबह पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक की रक्तरंजित लाश बगदरी वाटरफॉल के पास पड़ी हुई है मौके पर पहुंचकर तफ्तीश की गई तो पता चला कि अज्ञात लोगों द्वारा युवक के सिर पर पत्थर पटक कर उसकी हत्या की गई है बही युवक के जेब से एक डायरी बरामत हुई जिसमें की पहचान के लोगो के मोबाइल नम्बर लिखे हुए पाए गए जिन से संपर्क किया गया तो युवक की पहचान राकेश पटेल पिता स्व शारदा पटेल उम्र 30 वर्ष निवासी रियाना के रूप में की गई जो कि मजदूरी का कार्य करता था पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में लिया गया है।

## राकेश तिवारी का निधन



**सिहोरा, यशभारत।** नवीन कन्या शाला के पास वार्ड नम्बर 11 सिहोरा निवासी पटवारी राकेश तिवारी का 48 शाल की उम्र में निधन हो गया है।अंतिम संस्कार ग्रह ग्रांम स्लिमनाबाद में किया गया। वे आदित्य तिवारी के पिता थे।

## मसूर व चना उपार्जन की जानकारी

**नरसिंहपुर यभाप्र।** जिले में मसूर व चना उपार्जन का कार्य 25 मार्च से 31 मई तक किया जाना है। इसके लिये जिले में 23 उपार्जन केंद्र बनाये गये हैं। 5 मई तक 7 हजार 651 किसानों द्वारा स्लॉट बुकिंग की गई है। जिनके द्वारा 2 हजार 856 मेट्रिक टन मसूर व 15 हजार 464 चना का उपार्जन किया जा चुका है। इसमें से 2 हजार 716 मेट्रिक टन मसूर व 14 हजार 790 चना की मात्रा रेडी टू ट्रांसपोर्ट हो चुका है। मसूर का प्रतिशत 95.12 व चना का 95.20 प्रतिशत है। जिसमें से 2 हजार 210 मेट्रिक टन मसूर व 13 हजार 98 मेट्रिक टन चना का परिवहन हो चुका है। 5 मई तक 2 हजार 856 मेट्रिक टन मसूर व 13 हजार 98 मेट्रिक टन चना के स्वीकृति पत्रक जारी किये जा चुके है।

# ज्ञान से होती है आत्मा की उन्नति- मुनि श्री प्रणम्यसागर





**शहपुरा भिटौनी, यशभारत।** आत्मा किसे कहते हैं ? जहाँ पर हमें अपने भीतर से ज्ञान उत्पन्न होने लगे कि मैं सुखी हूँ, मैं दुखी है। ये मैं ही आत्मा है। जो सुख और दुख का अनुभव होता है आत्मा को ही होता है। किसी भी कार्य को करते समय जो मैं का भाव होता है वह में अर्थात् आत्मा हूँ। में पढ़ता हूँ, लिखता हूँ सोता हूँ । आदि आदि ! अपने शरीर में रहते हुए जो संवेदना होती है वह आत्मा है उसी का नाम है जीव । जहाँ जीव नहीं होगा वहाँ किसी तरह के संकल्प विकल्प नहीं होंगे, वह आत्मारस शरीर के साथ इंद्रिय के साथ रहता है। तीर्थंकरों ने जो भी ज्ञान दिया वह आत्मा की उन्नति के लिये दिया है। आत्मा का अपने साथ जुड़ा भाव अनुपचरित भाव है। जो चीजें हमसे जुडी है हैं वे अनुपचारित होती हैं। सुखी है, दुखी हूँ यह अनुपचरित ज्ञान है। और यह परिवार मेरा है, माता पिता मेरे है आदि का भाव उपचारित ज्ञान है जो हमारे वीर के साथ स्थाई रूप से 6 जुड़ी इंद्रिय और भाव है वे अनुपचारित है और जो बाह्य से हमारे शरीर पर जुडे रहते हैं जैसे वस्त्र आदि उपचारित है। आत्मा को ही संकल्प विकल्प और दुख-सुख आदि अनुपचारित रूप से आत्मा के अनुभव में आते हैं। शरीर को गरमी लगना यह संबेदन अनुपचारित है। और यह विचार अलग कि पंखा नहीं चल रहा यह उपचरित संवेदन है। इसमें दूसरी वस्तु या व्यक्तियों को संवेदन होता है वह उपचारित है । साधु लोग दूसरे व्यक्ति और वस्तुओं में सुख दुख का विचार नही करते इसलिए सुखी रहते हैं। हमारे शरीर मै रोग होना अनुपचारित है %बेटा बीमार हो गया वह उपचरित है। दूसरो के दुख में दुखी होना अपने सुख को भूलना या दूसरे के सुख में अपने सुख को भूलना यह सब उपचरित है। हम पर वस्तु या व्यक्ति से तब जुड़ते है जब हमें उनसे कुछ मिलता है यह स्वार्थ है। उपचरित अर्थात औपचारिक अतः औपचारिक को अपना मानने के समस्याएं बढ़ती हैं। संसार में जितने भी संबंध और सुख औपचारिक हैं पुल का मूल स्रोत हो हमारे भीतर है। जब एक दूसरे के सुख दुख में अपना संवेदन करते हैं तो अपने आत्मा का संवेदन हमे नहीं हो पाता।उक्त उद्गगार अर्हम योग प्रणेता प्रणम्य सागर जी ने शहपुरा में व्यक्त किए ।ज्ञात हो की संत शिरोमणि आचार्य गुरूवर श्री विद्यासागर जी महाराज के शिष्य मुनि श्री प्रणम्य सागर जी महाराज , मुनि श्री चंद्रसागर जी महाराज , छुल्लक 105 छुल्लक अनुनय सागर जी महाराज ,क्षुल्लक 105 सविनय सागर जी महाराज , क्षुल्लक 105 समन्वय सागर जी महाराज , का ग्रीसमकालीन प्रवास शहपुरा मै चल रहा है जहां प्रतिदिन प्रातः 8-30 बजे से मुनि श्री के मंगल प्रवचन हो रहे है । शहपुरा जैन पंचायत ने सभी धर्म प्रेमी बंधुओं से सभी कार्यक्रमों मैं उपस्थित होने की अपील की है

# मैच के बाद मोहम्मद सिराज के साथ हुई झड़प पर फिल सॉल्ट ने चुप्पी तोड़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग मैच के दौरान विवाद हुआ जब इंग्लैंड के बल्लेबाज फिल साल्ट और भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज एक दूसरे से भिड़ गए. अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली की पारी के दौरान ओपनिंग पावरप्ले खत्म होने के बाद भारतीय तेज गेंदबाज सिराज और इंग्लैंड के स्टार साल्ट के बीच तीखी नोकझोंक हुई. मामला आगे बढ़ता देख दिल्ली के कप्तान डेविड वार्नर ने जब तेज गेंदबाज को शांत करने की कोशिश की तो सिराज ने उनके साथ भी बहस की. इस घटना के बावजूद, साल्ट ने 45 गेंदो पर 87 रन की धमाकेदार पारी खेलकर आईपीएल 2023 के मैच नंबर 50 में विराट कोहली-स्टारर रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को सात विकेट से हराने में मदद की. मैच खत्म होने के बाद इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज ने भारतीय तेज गेंदबाज के साथ विवाद के बारे में भी बात की. उन्होंने कहा, मैं अपनी पारी से बहुत संतुष्ट हूं. जाहिर है, एक छोटा सा विवाद हुआ था. जब हम बैंगलोर में थे तब उनके लड़के आखिरी गेम के लिए तैयार थे. तो मैच से पहले की बहुत



सारी बातचीत वास्तव में उनके खिलाफ अटैक करने के बारे में थी, जो मुझे लगा कि हमने वास्तव में अच्छा किया है. कुछ शब्द बोले गए थे और थोड़ी बहस थी, लेकिन ज्यादातर लोग इसके लिए तैयार थे, निश्चित रूप से मैं खुद भी तैयार था. सॉल्ट ने 45 गेंदों पर 87 रन की मनोरंजक पारी में आठ चौके और छह छक्के लगाए. 26 साल के साल्ट की अर्धशतकीय पारी के दम पर मेजबान टीम ने अरुण जेटली स्टेडियम में आरसीबी पर 7 विकेट से यादगार जीत दर्ज की. साल्ट को आईपीएल 2023 में बैंगलोर के खिलाफ उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया. उन्होंने कहा, मुझे ऐसा लगता है कि अगर आप किसी टीम के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज का सामना कई बार करते हैं और आप उस खास लड़ाई को जीत जाते हैं, चाहे वो पहला ओवर हो या कोई भी ओवर जो वो फेंकता है, जो संदेश डगआउट में वापस भेजता है वो शांत है. साल्ट ने आगे कहा, जब ऐसा होता है और आप इसे सफलतापूर्वक (चेज) करते हैं, तो आप देखते हैं कि लोग मिच [मिशेल मार्श] की तरह बाहर आते है. दूसरी गेंद पर छक्का मारते हैं. आप रिले [रोसौव] को बाहर आते देखते हैं और ऐसे बल्लेबाजी करते देखते हैं जैसे वो पहले ही 30 गेंदों का सामना कर चुके हैं. इसके पीछे एक तरह का तरीका है।

# भारतीय महिला हॉकी टीम एशियाई खेलों की तैयारी के लिए ऑस्ट्रेलिया जाएगी



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** भारतीय महिला हॉकी टीम एशियाई खेलों की तैयारी के लिए इसी माह ऑस्ट्रेलिया जाएगी। इस दौरे में पांच मैचों की एक सीरीज होगी। भारतीय टीम का ये दौरा 18 मई से 27 मई तक चलेगा। इससे भारतीय टीम को चीन में इसी साल होने होने वाले एशियाई खेलों की तैयारियों का अच्छा अवसर मिलेगा। इस दौरे में भारतीय टीम पहले तीन मैचों में ऑस्ट्रेलिया की राष्ट्रीय टीम और उसके बाद अंतिम दो मैचों में ऑस्ट्रेलियाई ए टीम से खेलेगी। ये सभी मैच एडिलेड में खेले जाएंगे। भारत अपना पहला मैच 18 मई को ऑस्ट्रेलिया से खेलेगा जबकि इसके बाद अगले दो मैच 20 और 21 मई को होंगे। भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया ए से 25 और 27 मई को मैच खेलने हैं। अभी विश्व रैंकिंग में भारतीय टीम आठवें स्थान पर जबकि ऑस्ट्रेलियाई महिला हॉकी टीम तीसरे नंबर पर है। वहीं चीन में एशियाई खेल इसी साल सितंबर अक्टूबर में होंगे। भारतीय टीम के कोच यानेके शोपमैन ने इस दौरे को लेकर उत्साहित हैं उन्होंने कहा,'' ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसकी धरती पर खेलने से हमें यह पता करने में सहायता मिलेगी कि हम दुनिया की शीर्ष महिला टीमों के खिलाफ किस हाल में हैं। '' उन्होंने कहा,'' सबसे अहम बात यह है कि यह सीरीज चीन में होने वाले एशियाई खेलों की तैयारियों को देखते हुए बेहद अहम रहेगी क्योंकि इससे हमें यह पता करने में सहायता मिलेगी कि हमें किन विभागों में सुधार और बदलाव करने की जरूरत है। इसलिए यह सीरीज हमारे लिए बेहद अहम होगी।

# डु प्लेसिस ने बताया ,कुछ खराब गेंदें हार का कारण

नई दिल्ली (ईएमएस)। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल लीग मुकाबले में मिली हार से निराश रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने कहा है कि कुछ खराब गेंदें फेंकने के कारण उनकी टीम मैच से बाहर हुई। डु प्लेसिस ने कहा, मुझे लगा था कि 185 का स्कोर अच्छा है पर ओस ने स्पिनरों को खेलना आसान बना दिया। इससे मैच हमारे हाथ से निकल गया। इसके अलावा दिल्ली के बल्लेबाजों ने भी अच्छी बल्लेबाजी कर मैच हमसे छीन लिया। साथ ही कहा कि सभी लोग स्पिनरों पर भरोसा करते हैं पर ओस को देखते हुए सही क्षेत्रों में गेंदबाजी करने की जरूरत होती है। कुछ खराब गेंदें फेंकने और कुछ गलतियां करने से हम मुकाबले से बाहर हो गए। इस मैच में दिल्ली ने अच्छी बल्लेबाजी की।

फाफ ने कहा, हमें अंत में और प्रयास करना चाहिये था। हमें पहले लगा जैसे 185 का स्कोर ठीक है पर हमें वहां एक बड़े ओवर की जरूरत थी जिससे कि हम 200 के स्कोर पर पहुंच पाते। अगर ऐसा होता तो इससे फर्क पड़ता। चौथे नंबर पर ग्लेन मैक्सवेल ने हमारे लिए अच्छा प्रदर्शन किया। महिपाललोमरोर ने भी पांचवें नंबर पर अच्छा खेला। यहां की पिच धीमी रहती है। अगर आप पहले 6 ओवरों में अच्छी बल्लेबाजी करते हैं तो आप शीर्ष पर पहुंच सकते हैं।

इस मैच में दिल्ली ने फिलिप सॉल्ट के 87 रनों की सहायता से 7 विकेट से यह मुकाबला जीत लिया। वहीं आरसीबी ने विराट कोहली, लोमरोर के अर्धशतकों से चार विकेट पर 181 रन बनाए थे। दिल्ली ने कप्तान डेविड वॉर्नर, मिशेल मार्श और रौसौव वह सॉल्ट की शानदार अर्धशतकीय पारी से जीत दर्ज की। इस हार से आरसीबी अब पांचवे नंबर पर खिसक गयी है। ऐसे में उसे प्लेऑफ के लिए बचे हुए सभी तीनों मैच जीतने होंगे।

# मुम्बई पर जीत के बाद बोले रुतुराज, किसी भी पिच पर खेलने तैयार हैं

**चेन्नई (ईएमएस)।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम के सलामी बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ टीम को मिली जीत से उत्साहित होकर कहा कि उनकी टीम किसी भी पिच पर खेलने के लिए तैयार है। रुतुराज ने माना कि इस मैदान पर उनकी टीम को घरेलू हालातों का लाभ मिलता है। ऐसे में वह किसी भी पिच पर खेल सकते हैं। सीएसके ने ने यहां चेपॉक में खेले गए आईपीएल लीग मुकाबले में मुंबई इंडियंस को छह विकेट से हरा दिया। सीएसके टीम ने इस मैच में मुंबई की टीम को 8 विकेट पर 139 रन पर रोकने के बाद 17.4 ओवर में ही जीत हासिल कर ली। उन्होंने कहा, '' यहां पिछले दो मैचों में हमें करीबी मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा। हम जीत से केवल एक दो कदम ही दूरी पर थे। घरेलू हालातों से मिलने वाले लाभ को देखते हुए हम यहां किसी भी पिच पर खेल सकता हैं। वहीं मुंबई के बल्लेबाज नेहाल वढेरा ने कहा कि उनकी टीम इस मैच में 15 से 20 रन और बनाती तो परिणाम अलग होता। आईपीएल में अपना पहला अर्धशतक लगाने वाले वढेरा ने कहा, ''जब हम बल्लेबाजी कर रहे थे तो तेज गेंदबाजों को खेलना कठिन था क्योंकि गेंद ठीक से बल्ले पर नहीं आ रही थी। नई गेंद से दीपक चाहर और तुषार देशपांडे मुझे गेंदबाजी कर रहे थे, उन्होंने दो धीमी गेंद फेंकी जो ठीक से नहीं आई। इसलिए मुझे पता था कि पारी को संभालने के लिए मुझे थोड़ा समय लेना होगा।



## रंग संसार

# द केरल स्टोरी की सपोर्ट में उतारी कंगना



मुंबई(ईएमएस)।द केरल स्टोरी फिल्म ट्रेलर रिलीज होने के बाद से ही काफी सुर्खियों में है।फिल्म में दिखाया गया है कि किस तरह से केरल में लड़कियों का ब्रेन वॉश करके उन्हें अपने घर परिवार से दूर करके आतंकी बना दिया जाता है। फिल्म मेकर्स का दावा है कि फिल्म सच्ची घटना पर आधारित है, इसपर सारा विवाद चल रहा है।इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी फिल्म के बारे में बात की है।अपने बेबाक बयानों से लाइमलाइट में रहने वाली बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत का भी फिल्म को लेकर रिएक्शन सामने आ गया है।

फिल्म के बारे में बात करते हुए कंगना ने कहा कि मैंने अभी तक फिल्म देखी नहीं है, लेकिन मूवी को बैन करने की काफी कोशिश की गई। आज ही मैंने पढ़ा, कि हाईकोर्ट की तरफ से ऐसा बयान आया है कि फिल्म को बैन नहीं किया जा सकता है। मेरे हिसाब से यह फिल्म आइएसआइ के अलावा और किसी के बारे में गलत जानकारी नहीं दे रही है ना? आइएसआइ एक आंतकी संगठन है। इसका ये मतलब नहीं है कि मैं उन्हें आतंकवादी कह रही हूं, हमारा देश, गृह मंत्रालय और भी कई देशों का भी यही मानना है।

कंगना ने कहा कि अगर आपको लगता है कि वहां आतंकी नहीं है, जाहिर तौर पर फिर आप भी आतंकवादी ही है। अगर आपको लगता है कि एक आतंकी आउटफिट, एक टेररिस्ट नहीं है और उन्हें आतंकी घोषित किया गया है, चाहे वहां लीगली, मोरली हर तरीके से हो। अगर आप सोचते हैं कि वहां आतंकी नहीं है, तब इस फिल्म से ज्यादा आप एक बड़ी समस्या है। सबसे पहले आपको यह सोचना होगा कि आप अपने जीवन में कहां खड़े हैं। कंगना ने तंज कसते हुए कहा कि ये सभी बातें मैं उन लोगों के बारे में कर रही हूं जो यह सोचते हैं कि ये फिल्म आइएसआइ को छोड़कर, उन लोगों पर हमला कर रही है।

# सलमान तैयार हुए शेरखान के लिए, ड्रीम प्रोजेक्ट में जुटे सोहेल खान

**मुंबई (ईएमएस)।** सलमान खान अपने भाई सोहेल खान के ड्रीम प्रोजेक्ट पर काम करने के ?लिए तैयार हो गए हैं। खबर तो यह भी है ?कि इसके ?लिए पूरी टीम तैयारी में जुट गई है। गौरतलब है ?कि सलमान खान सभी सीजन के सुपरस्टार हैं और पिछले कुछ वर्षों में उन्होंने वह मुकाम हासिल किया है जहाँ उनकी फ्लॉप फिल्मों ने भी बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ से ज्यादा का कारोबार करने में सफलता प्राप्त की है। इनमें उनकी ट्यूबलाइट, जय हो, दबंग-3 के साथ हाल ही में प्रदर्शित हुई किसी का भाई किसी की जान शामिल है। हाल ही में सलमान खान ने एक शो में बताया था कि करण जौहर ने अपने निर्देशक विष्णुवर्धन के साथ एक फिल्म के लिए उनसे बातचीत की थी। आदित्य चोपड़ा के साथ भी एक फिल्म की बातचीत चल रही है। यह सब कुछ पिछले दस सालों से हुआ है, पहले कभी इन बड़े बैनरों ने उनके साथ काम नहीं किया है। और अब सलमान खान की एक और फिल्म शेरखान के बारे में चर्चाएँ चल रही हैं। सलमान के एक करीबी सूत्र ने बताया कि उनके छोटे भाई सोहेल खान ने सलमान खान के साथ शेरखान के लिए बातचीत फिर से शुरू कर दी है। शेरखान एक ड्रीम प्रोजेक्ट है और टीम ने स्क्रिप्ट को फाइनल करने के लिए पूरा समय लिया है। सोहेल सलमान के साथ अपना ड्रीम प्रोजेक्ट बनाने के लिए उत्साहित हैं और भाई भी जंगल एडवेंचर की तलाश में हैं। अगर सब कुछ ठीक रहा तो शेर खान सोहेल और सलमान खान की बनने वाली सबसे बड़ी फिल्म होगी। सोहेल खान इस फिल्म को सलमान खान के साथ वर्ष 2012 में बनाना चाहते थे, लेकिन तब सलमान खान को इस फिल्म की पटकथा सही नहीं लगी थी और उन्होंने सोहेल को पटकथा पर पुन~काम करने को कहा था। उन दिनों भारत में वीएफएक्स की तकनीक इतनी मजबूत नहीं थी। अब भारत में वीएफएक्स पर हो रहे काम को वैश्विक स्तर पर सराहा जा रहा है। सलमान और सोहेल यह अनुमान लगा रहे हैं कि क्या वे अब शेरखान को फिर से देख सकते हैं क्योंकि यह समय हमारे अपने इंडियाना जोन्स बनाने का सही है। सलमान खान की अगली फिल्म टाइगर-3 है जो दीवाली के मौके पर प्रदर्शित होने जा रही है। इस फिल्म में उनके साथ शाहरुख खान पठान के रूप में कैमियो करते दिखाई देंगे।



# मां हेमा से बिकिनी पहनने के लिए परमिशन मांगते समय डर गई : ईशा देओल

**मुंबई (ईएमएस)।** बॉलीवुड अभिनेत्री ईशा देओल ने खुलासा किया कि बचपन में उन्हें अपनी मां हेमा मालिनी से बहुत डर लगता था। इतना ही नहीं, ईशा ने एक किस्सा भी बताया। उन्होंने कहा कि साल 2004 में उन्हें उनकी सुपरहिट फिल्म धूम की शूटिंग के दौरान उन्हें बिकिनी पहनने के लिए कहा गया। पहले वह घबरा गईं। फिर उन्होंने डायरेक्टर आदित्य चोपड़ा से एक दिन का समय मांगा। जिसके बाद उन्होंने मां हेमा को सीन के बारे में बताया और बिकिनी पहनने की इजाजत मांगी। परमिशन मांगते वक्त उन्हें इतना डर लग रहा था कि उनके पसीने छूट गए। ईशा ने कहा, यूं तब मां ने मुझे हॉलीडे और स्वीमिंग के दौरान बिकिनी में देखा था। लेकिन, फिर भी मुझे उनसे काफी डर लग रहा था। जब मैंने उनसे परमिशन मांगी तब उन्होंने कहा, हां, क्यों नहीं। तुम जब अपने दोस्तों के साथ बाहर या हॉलीडे पर जाती हो तब बिकिनी पहनती ही हो। फिर फिल्म में क्यों नहीं। लेकिन, एक बात का ध्यान रखना, तुम्हारा बिकिनी वाला शूट बहुत अच्छी तरह होना चाहिए। मां से परमिशन मिलने के बाद ईशा डायरेक्टर आदित्य चोपड़ा के पास गई। तब आदित्य ने कहा, मैं आपको छह महीने का समय देता हूं। इन छह महीनों में आप खुद को पूरी तरह तैयार कर लो। इसके बाद ईशा ने फिल्म के गाने की शूटिंग की। फिल्म रिलीज हुई और बॉक्स ऑफिस पर छा गई। न केवल लोगों को फिल्म पसंद आई बल्कि फिल्म में अपने अभिनय का जादू बिखेरने वालीं ईशा देओल भी पसंद आई।



# अनिल व आदित्य द नाइट मैनेजर के पार्ट-2 को 30 जून को करेंगे रिलीज

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** आदित्य रॉय कपूर और अनिल कपूर स्टारर पॉपुलर वेब सीरीज द नाइट मैनेजर का दूसरा पार्ट 30 जून को डिज्नी हॉटस्टार पर रिलीज किया जाएगा। इस लैविश ड्रामा नाटक को भव्य लोकेशन पर शूट किया गया है और इसमें हाई-ऑक्टेन थ्रिल देखने को मिले वाला है। द नाइट मैनेजर, जॉन ले कैरे के इसी नाम के उपन्यास का हिंदी रूपांतरण है। इस सीरीज में बॉलीवुड स्टार अनिल कपूर हैं, जो एक हथियार डीलर की भूमिका निभाते हैं। साथ ही आदित्य रॉय कपूर एक अंतरराष्ट्रीय आर्म सिंडिकेट के बारे में जानकारी खोजने के लिए के लिए सरकार द्वारा लगाए गए एक एजेंट की भूमिका निभा रहे हैं। हिंदी वर्जन क्लिफहेंजर के साथ खत्म हुआ और इसके पार्ट-2 को लोग दिल थामकर इंतजार कर रहे हैं। अनिल कपूर ने मीडिया से कहा कि मैं द नाइट मैनेजर के लिए हमारे प्रशंसकों के दिखाए गए प्यार और समर्थन से अभिभूत हूं। उनके उत्साह ने हमें और अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित किया है। मैं हर बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं कि इस दूसरे पार्ट के ट्विस्ट एंड टर्न देखकर लोगों का रिएक्शन कैसा होता है। इस बार भी आपको शैली अपने उसी अंदाज में नजर आएगा। वेब सीरीज द नाइट मैनेजर~पार्ट 2 का निर्माण और निर्देशन संदीप मोदी और प्रियंका घोष ने किया है। पहले पार्ट को लोगों ने काफी पसंद किया। अब लोगों देखना है कि सेकेंड पार्ट में शैली क्या करता है। उसकी जर्नी में और क्या ट्विस्ट आने वाले हैं। आदित्य रॉय कपूर ने कहा कि ट्विस्ट, रोमांच और तनाव सभी टकराएंगे। द नाइट मैनेजर में शोभिता धूलिपाला, तिलोत्तमा शोम, रवि बहल और सास्वता चटर्जी भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। इससे पहले नाइट मैनेजर का पार्ट-1 ओटीटी पर स्ट्रीम किया गया था।















# 150 सास बहुओं से परेशान तो 570 बहू कह रहीं सास और पति जीने नहीं दे रहे...

## पुलिस परिवार परामर्श केंद्र ने 412 मामलों पर समझौता, 38 शिकायतों पर दर्ज कराई एफआईआर

### विवाह के बाद आत्महत्या के डर की शिकायतों से समाज चिंतित

### महिला पुलिस थाना में जनवरी से मई के बीच सामने आई 1100 शिकायतें

**जबलपुर,यशभारत।** वैसे तो महिला पुलिस थाना पीड़ित पत्नियों की शिकायतों के निराकरण के लिए बना है लेकिन इन दिनों वहां पति और सास की भी शिकायतें पहुंच रहीं हैं। कोई सास बहु से परेशान है तो किसी पति को डर है उसकी पत्नी शादी के बाद आत्महत्या न कर ले। तो कहीं बहु अपनी सास से परेशान हैं। आलम यह है कि जबलपुर में जनवरी माह से मई के बीच में महिला पुलिस थाना में कुल 1100 शिकायतें सामने आ चुकीं हैं। जिनमें सास द्वारा बहु की की गई शिकायतों की संख्या 150 है, पति द्वारा पत्नी की शिकायतों की संख्या का आंकड़ा 380 है वहीं जबलपुर की 570 बहुओं का कहना है कि उनके पति व सास उसे जीने नहीं दे रहे हैं।



### समाज के लिए भयभीत करने वाला है आत्महत्या का विषय

अंशुमान शुक्ला प्रधान परामर्शदाता कुटुंब न्यायालय जबलपुर ने समाज के इस परिदृश्य पर चिंता जाहिर करते हुए कहा है कि समाजशास्त्रियों के सामने विवाह के बाद आत्महत्या करने का सवाल अब भी खड़ा है जो कि चिंतनीय है। उन्होनें कहा कि आजकल विवाह के बाद परिवारजनों के सामने आत्महत्या करने जैसा कठिन सवाल उन्हें परेशान कर रहा है। इससे समाज भयभीत है। पत्नियों की मांग में सिंदूर भरकर पति की शुभकामना दिख रही है तो वहीं कागजों और मन में पति के अशुभ की कामना स्पष्ट तौर पर सामने आ रहीं शिकायतों के रूप में देखी जा रहीं हैं। वहीं पुलिस परिवार परामर्श केंद्र में प्रत्येक शनिवार को शिकायतों का निराकरण किया जा रहा है। जहां जरूरत हो रही है वहां पुलिस पति, सास या पत्नी के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज करके कार्रवाई कर रही है।

### सभ्य समाज के लिए चिंता का विषय: अंशुमान शुक्ला

पुलिस परिवार परामर्श केंद्र के परामर्शदाता अंशुमान शुक्ला ने कहा है कि आजकल के परिवेश में विवाह के बाद आत्महत्या करने का अधिकतर लोगों को डर सता रहा है । पत्नी सिर में मांग भरकर एक ओर पति के सुखी रहने की कामना कर रही है तो दूसरी ओर वही पत्नी कागजों में पति के खिलाफ कठोर से कठोर कार्यवाही की मांग करती नजर आ रही है जो कि एक सभ्य समाज के लिए अच्छा नहीं है। अंशुमान शुक्ला प्रधान परामर्शदाता कुटुंब न्यायालय जबलपुर ने बताया कि 1100 शिकायतों में से 412 पर समझौता हो चुका है, 38 मामलों पर एफआईआर दर्ज कराई गई है जबकि 250 प्रकरण न्यायालय में खाना-खर्चा, भरण पोषण के लंबित हैं। सुलह कराने में अहम भूमिका निभाई है पुलिस परिवार परामर्श केंद्र ने जानकारी के अनुसार महिला पुलिस थाना में शिकायत दर्ज होने के बाद एसपी कार्यालय स्थित पुलिस परिवार परामर्श केंद्र में परिवार के बीच सुलह कराने का काम किया जाता है। परामर्शदाता अंशुमान शुक्ला के अनुसार वे चाहते हैं कि हर किसी के बीच समझाईश देकर सुलह कराई जाए जिससे पति , पत्नी, सास सभी पुलिस परिवार परामर्श केंद्र से खुश होकर जाएं। जानकारी के अनुसार जनवरी से मई माह के बीच सामने आई पारिवारिक शिकायतों के 412 मामलों में समझौता कराया गया है जिसके बाद से सुलह करने वालों के चेहरे में भी खुशी की झलक दिखी है।

# सीबीआई की दबिश से नर्सिंग कॉलेजों में दहशत, ग्रीष्मकालीन अवकाश निरस्त किए गए

## छात्रों को व्हाटसग्रुपों में सूचना भेजकर बुलाया जा रहा कॉलेज

**जबलपुर, यशभारत।** मप्र उच्च न्यायालय की ग्वालियर बैंच के निर्देश पर प्रदेश के नर्सिंग कॉलेजों की सीबीआई जांच से नर्सिंग कॉलेज प्रबंधकों में हड़कंप का माहौल हैं। कॉलेज प्रबंधक इस कदर दहशत में हैं कि मप्र आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय (एमयू) द्वारा नर्सिंग के विद्यार्थियों के घोषित अवकाश को अपने स्तर पर निरस्त कर विद्यार्थियों को कॉलेज वापस बुला रहे हैं। निजी कॉलेज संचालकों को



विद्यार्थियों के अवकाश की ही नहीं इस बात की भी परवाह नहीं है कि वे विद्यार्थियों को वाट्स एप्प ग्रुपों में भेजे गए संदेशों में हाईकोर्ट के आदेश पर सीबीआई जांच का ही हवाला देकर विद्यार्थियों को वापस कॉलेज बुला रहे हैं । जबकि विद्यार्थियों का इस जांच से कोई सरोकार ही नहीं। सूत्रों की मानें तो तमाम मर्यादाओं को ताक पर रख कर निजी कॉलेज प्रबंधक जांच टीम के सामने केवल विद्यार्थियों की संख्या दिखाने यह पैंतरा आजमा रहे हैं। हाईकोर्ट के आदेश का हवाला देकर कह रहे उपस्थिति महत्वपूर्ण सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कॉलेज प्रबंधन द्वारा विद्यार्थियों को सूचनाएं प्रेषित करने बनाए गए ग्रुपों में संदेश भेजे जा रहे हैं। संदेश में कहा जा रहा है कि हाईकोर्ट के आदेश के अनुसार समस्त मप्र के नर्सिंग संस्थाओं में सीबीआई जांच होनी है जिसमें छात्रों की उपस्थिति अत्यंत महत्वपूर्ण है। विद्यार्थियों से कहा जा रहा है कि सभी छात्र-छात्राओं के ग्रीष्मकालीन अवकाश आगामी आदेश तक निरस्त किए जाते हैं एवं सभी विद्यार्थियों को संस्था में आज से यथावत निरंतर आना है।

**संस्था में उपस्थित नहीं हुए तो पढ़ाई निरस्त कर दी जाएगी-** विद्यार्थियों को डराते हुए कहा जा रहा है कि यह आदेश पूर्णता कठोर रूप से समस्त छात्र-छात्राओं को मानना यदि वे संस्था में उपस्थित नहीं होते तो उनके बैच की पढ़ाई निरस्त की जा सकती है। संदेश में कहा जा रहा है कि सूचना को गंभीरता से लेते हुए सभी छात्र-छात्राओं को यथावत रूप से कॉलेज आने के साथ ग्रीष्मकालीन अवकाश बाद में दिए जाने की बात कही जा रही है। अधिसूचना में 1 से 14 मई तक अवकाश विद्यार्थियों के सकल हितों को ध्यान में रखते हुए एमयू ने 29 मार्च 2023 को 1 से 14 मई तक ग्रीष्मकालीन अवकाश एवं 23 से 29 अक्टूबर तक शीत कालीन अवकाश घोषित किए गए हैं।

**वे विद्यार्थी हैं जो अवकाश में शहर या फिर प्रदेश से बाहर चले गए-** अधिसूचना में कॉलेज प्रबंधन से स्पष्ट रूप से कहा गया है कि अध्यापन के टाइम टेबिल में उक्त अवकाश का ध्यान रखें ताकि विद्यार्थियों को हानि न हो वे अग्रिम सूचना से शहर या राज्य से बाहर छात्रों को अपना टिकट आरक्षण कराने में सुविधा होगी तथा वे अपने कार्यक्रम को सुव्यवस्थित कर पाएंगे। कैसे लौटें शहर इस समय सर्वाधिक परेशान वे विद्यार्थी हैं जो अवकाश में शहर या फिर प्रदेश से बाहर चले गए थे। अचानक जारी आदेश पर किस तरह आनन फानन में रिजर्वेशन कराकर या अन्य साधनों से लौटें वे समझ नहीं पा रहे हैं। विद्यार्थियों की व्यथा सुनने कॉलेज प्रबंधन भी तैयार नहीं हैं। कॉलेज प्रबंधन को कैसे पता सीबीआई का शेड्यूल मप्र छात्रसंघ के अध्यक्ष अभिषेक पाण्डेय ने आरोप लगाया है कि निजी नर्सिंग कॉलेज प्रबंधक जिस तरह विद्यार्थियों को तय निर्धारित तिथी पर विद्यार्थियों के अवकाश निरस्त कर वापस बुला रहे हैं उससे प्रतीत हो रहा है कि उन्हें सीबीआई की टीम उनके कॉलेज कब आएगी इसकी भली भांति जानकारी है। उन्होंने आरोप लगाया कि कहीं जांच कर रही टीम और कॉलेज प्रबंधकों की कोई मिलीभगत तो नहीं और जांच के नाम पर कहीं महज रस्म अदायगी तो नहीं हो रही।



# भाजपा पार्षदों का ये हाल, लेटरहेड खत्म हो गए अधिकारियों ने झांका तक नहीं

### नगर निगम साधारण सभा बैठक में पार्षद ने बताया...

### नेता प्रतिपक्ष ने जलप्लावन और जलसंकट का उठाया मुद्दा

**जबलपुर, यशभारत।** महाराणा प्रताप वार्ड के पार्षद जीते कटारे ने साधारण सभा की बैठक में कहा कि क्षेत्र की बुनियादी समस्याओं के बारे में लिखते-लिखते मेरे लेटरहेड खत्म हो गए और इस बीच मैंने नगर निगम के अधिकारियों को कई पत्र लिख दिए लेकिन निगम के अधिकारियों को कोई जवाब मेरे पास नहीं आया।

इन्होनें महापौर से लापरवाही खत्म करने मांग की। सोमवार को नगर निगम निगम परिसर स्थित पं. भवानी प्रसाद तिवारी सभाकक्ष में साधारण सभा की बैठक शुरू हुई जिसमें नेता प्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल ने शहर के जलसंकट और जलप्लावन की समस्या का मुद्दा उठाया। इस दौरान राजीव गांधी वार्ड के पार्षद ने महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू को शिकायत करते हुए बताया कि उनके वार्ड में करीब 50 लाख रुपए की लागत से एक सर्वसुविधायुक्त गार्डन बनना था जिसकी स्वीकृति भी हो गई थी और ठेकेदार भी अप्वाइंट हो चुके थे। लेकिन जेडीए अधिकारियों ने बीच में पहुंचकर गार्डन का विकास कार्य रूकवा दिया था। इसके जीर्णोद्धार की मांग पार्षद ने की।

### एमआईसी सदस्यों के देरी से पहुंचने पर हंगामा

साधारण सभा की बैठक में एमआईसी सदस्य, पार्षद शेखर सोनी, पार्षद मनीष पटैल सहित अधिकारी भी बैठक शुरू होने के बाद पहुंचे जिसको लेकर विपक्ष ने जमकर हंगामा किया। विपक्ष का कहना था कि नगर निगम की साधारण सभा में जब जिम्मेदार ही लेट आएंगे तो शहर का विकास कैसे होगा।

# घर के दरवाजे में बैठा था नाग देखते ही घर वालों के होश उड़े

## सर्प विशेषज्ञ ने पकड़कर जंगल में छोड़ा

**जबलपुर यशभारत।** विजय नगर स्थित एक महिला ने जैसे ही अपने घर का दरवाजा खोला तो सामने देखा कि एक 4 फीट का कोबरा नाग उसके घर के सामने बैठा हुआ है। नाग को देखते ही महिला के होश उड़ गए, हालात ऐसे बने की महिला बेहोश होने लगी, तभी पड़ोसियों ने तुरंत ही सर्प विशेषज्ञ को इसकी सूचना दी, तत्काल सर्प विशेषज्ञ गजेंद्र दुबे मौके पर पहुंचे और तकरीबन 2 घंटे तक नाग का रेस्क्यू कर नाग को पकड़ा और फिर बरगी के जंगल में छोड़ दिया। बताया जा रहा है कि यह नाग अत्यंत जहरीला था और उसके काटने से अगर तुरंत ही इलाज ना मिले तो व्यक्ति की मौत हो जाती है। सर्प विशेषज्ञ गजेन्द्र दुबे ने बताया कि विजय नगर की ईएसडब्ल्यू क्वाटर डी ब्लॉक में रहने वाले आशीष त्रिपाठी के घर के बाहर 4 फीट का कोबरा प्रजाति का नाग बैठा हुआ था, उनकी बहन नम्रता त्रिपाठी ने जैसी ही घर का दरवाजा खोला तो देखा कि कोबरा नाग बैठा हुआ है, नाग को देखते ही नम्रता के होश उड़ गए और वह चीख पड़ी। स्थानीय लोगों ने नाग देखते ही सर्प विशेषज्ञ गजेंद्र दुबे को फोन करके सूचना दी, जिसके बाद मौके पर पहुंचे गजेन्द्र दुबे ने नाग का रेस्क्यू किया। गजेंद्र दुबे ने बताया कि इस नाग इंडियन सप्रैक्टिकल कोबरा है जिसमें कि न्यूरोटोक्सीन जहर पाया जाता है, अगर यह कोबरा किसी को डस ले तो व्यक्ति का नर्वस सिस्टम जाम होने लगता है और अगर 1 घंटे के भीतर पीड़ित व्यक्ति को इलाज नहीं मिला तो उसकी जान चली जाती है।



### कोबरा सांप देखते ही गश खाकर गिर गई महिला

कोबरा सांप देखते ही गश खाकर गिर गई महिला अधारताल थानांतर्गत न्यू रामनगर काली माता मंदिर के पीछे रहने वाले किशन लाल केवट के मकान में किराए से रहने वाली प्रतिमा पटेल (बदला हुआ नाम) कल रात में मकान खाली करने के लिए सामान पैक कर रही थी कि रात बारह बजे एक साढ़े चार फीट लंबा कोबरा प्रजाति का नाग उनके किचन में प्रवेश कर गया जिसके कारण परिजनों ने सब सामान ज्यों का त्यों छोड़कर बाहर आ गए और पूरी रात जागकर काटी सुबह छः बजे जब मकान मालिक किशन लाल केवट को सूचना मिली तो उन्होंने सर्प विशेषज्ञ गजेंद्र दुबे को सूचना दी जिन्होंने सुबह साढ़े सात बजे मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू करते हुए सांप को पकड़ लिया और जैसे ही सांप को पकड़कर बाहर लाये तो सांप को देखकर महिला को गश आ गया और वह गिर गई जिसे पानी पिलाया गया तब जाकर वह होश में आ गई। स्थित सामान्य होने पर सांप को बरगी के जंगल में छोड़ दिया है।

# कटंगा चौक में अचानक भागने लगी कार ने मचाया हड़कंप

## चालक की लापरवाही से हुई घटना



**जबलपुर, यशभारत।** कटंगा चौराहा स्थित शराब दुकान के पास बीती रात उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक कार चालक की लापरवाही से पार्किंग में खड़ी कार अचानक आगे बढ़ने लगी मौके पर मौजूद लोग इधर-उधर भागते नजर आए जिसके बाद स्थानीय लोगों ने कार को रोकने की कोशिश की। जिस दौरान पार्किंग की सीमेंट की पट्टी से टकराकर कार रूक गई। इस संबंध में कार चालक रितेश ने बताया कि वह कटंगा शराब दुकान के पास कार पार्किंग में खड़ी कर कर खाना पैक कराने गया था लौटकर वह आया और उसने क्लच की जगह गलती से हैंडब्रेक दबा दिया जिससे कार अचानक आगे बढ़ने लगी हादसे में किसी को चोट नहीं आई है।

बेचना है
बरगी और बरगी बांध के बीच में सहजपुरी गांव में मेनरोड से लगी 18000 हजार फुट प्लाट डायवर्सन किया हुआ ढावा, होटल, वियर हाउस, पेंट्रोलपंप के लिए उपयुक्त। सामने आसपास मकान बने हैं। प्लेन जमीन 250 रुपए फुट।
संपर्क : 9399852725

आवश्यकता है
फ्लैक्स डिजाइनर की शीघ्र आवश्यकता है
जिसे कोरल ड्रा का पूर्ण ज्ञान हो। शीघ्र संपर्क करें।
यशभारत फ्लैक्स कार्यालय
शताब्दीपुरम विवेकानंद वार्ड जबलपुर
मो. 7804887888, 7974594521

द कम्पलीट होम फर्निशिंग स्टोर
संध्या ट्रेडर्स
N.S. TEXTILES
कपूरी विला-बड़ा फुहारा, जबलपुर
Ph. 0761-4072001, Mo 9826503008, 9584513844

त्रिभुवनदास मालपाणी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मिलौनीगंज, जबलपुर
Nursery to Class XII (English & Hindi Medium)
विद्यालय की विशेषताएं
● छात्र/छात्राओं के अध्ययन के लिए प्रोजेक्टर प्रत्येक कक्षा में, अनुभवी शिक्षकों द्वारा अध्यापन कार्य।
● छात्र/छात्राओं के लिये भौतिक/रसायन/जीव विज्ञान/आईपी कम्प्यूटर प्रयोग शाला, अटल टिंकरिंग लैब।
● छात्र/छात्राओं के लिये कक्षाओं की सुविधा
● विद्यालय द्वारा नेशनल स्तर तक जूडो के खिलाड़ी ने स्वर्ण प्राप्त किये।
● बोर्ड कक्षाओं का शत- प्रतिशत परीक्षाफल।
● खेलकूद में छात्र/छात्राओं के लिए छात्रवृत्ति सुविधा 10000/-, 8000/-6000/- प्रतिवर्ष
● अल्पसंख्यक, पिछड़ा वर्ग एवं अनुसूचित जाति/जनजाति के छात्रों हेतु शासन द्वारा छात्रवृत्ति सुविधा।
प्रवेश प्रारंभ 2023-24
प्रातःपाली 7.30 से 12.00 पहली से 12वीं अंग्रेजी माध्यम
दोपहर पाली 12.20 से 5.10 6वीं से 12वीं हिन्दी माध्यम
संपर्क 9009505955,0761-4016415

अमर शहीद स्मृति मेला
आधुनिक झूले
खान-पान चौपाटी
आर्ट और क्राफ्ट स्टॉल
प्रवेश द्वार-रानीताल चौक के सामने वाले गेट से
गोलबाजार मैदान, जबलपुर

14 आयुर्वेदिक दर्दनाशक तेलों का मिश्रण
मामजेसिक
तीव्र दर्दनाशक तेल / क्रीम
सभी मेडीकल स्टोर्स में उपलब्ध

गनेश केटरर्स एण्ड कॉन्ट्रेक्टर
श्री गनेश मंडपम् कछपुरा माल गोदाम, गढ़ा
ए.सी. रूम, ए.सी. हॉल, मैदान, पार्किंग सर्वसुविधायुक्त
श्री कच्छ पाटीदार भवन महानद्दा, मदन महल
शादी-पार्टी एवं मांगलिक कार्यों हेतु
मो. 9827202090, 7000244328

Trusted
G.S.ELECTRONIC
0% ब्याज पर फायनेंस उपलब्ध हैं।
गढ़ा क्षेत्र का विश्वसनीय इलेक्ट्रॉनिक शोरूम
पता- संजीवनी नगर मोड़, कछपुरा ब्रिज, गढ़ा जबलपुर
9098983263, 9301372157

स्मिता गृह उद्योग
आप हमारे नये परिसर से सालभर रखने योग्य सभी प्रकार के मसाले (हल्दी, मिर्च, धनिया) आदि
नये पार्सल में पांच नये मसाले, अचार मसाला
पता: विजय नगर अहिंसा चौक, चौपाटी के सामने जबलपुर
(मो) 9425323934, 0761-2643638

केला चिप्स
AK's
चना जोर गरम
रोस्टेड फूड जंक्शन
ड्राई फ्रूट
7987145201, 9993418910

अब नई श्रृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK · ANAND CINEMA ROAD · KATANGA CROSSING · NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

AMOI THAI SPA
(ALL TYPES OF BODY MASSAGES)
CONTACT- 0761-4106211(M.) 9893051927
ADD- 2ND FLOOR, OPSSITE SAMDARIYA INN HOTAL, JAIN TOWER RASSEL CHOWK, NAPIER TOWN JBP (MP)

SHALBY MULTI-SPECIALITY HOSPITALS
मेडिकल इमरजेंसी में आपके साथ !!
95758 01020
शैल्बी हॉस्पिटल, जबलपुर, अहिंसा चौक, विजयनगर, जबलपुर

क्या आप घुटने का दर्द, जोड़ों के दर्द से परेशान है?? क्या आपको जोड़ प्रत्यारोपण की सलाह दी गई है?
मिलिए जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ. विकास सावला से
डॉ. विकास सावला
MS ORTHO AHMEDABAD FIJR
+91-9106804465
शैल्बी हॉस्पिटल, अहमदाबाद के पूर्व विशेषज्ञ
बेस्ट टेक्निक, सफल रिजल्ट्स कुल्हा एवं घुटना रिप्लेसमेंट सर्जन
न्यूनतम चीरा
फास्ट रिकवरी
उपचार चुने, डर नहीं
जबलपुर में मिलने का पता
संजीवनी सुपर स्पेशलिटी क्लिनिक गौमाता चौक, राइट टाउन, जबलपुर +91-9301970385, 8225988303
शैल्बी हॉस्पिटल विजय नगर, जबलपुर 93019 70385

तांडव
गठियावात
कमर दर्द
जोड़ो का दर्द
सूजन
मासपेशीयों का दर्द
तांडव तेल
सभी प्रकार के वात रोगों में उपयोगी
TANDAV HERBAL PHARMACY
Customer Care : +91 7974979179

हमारे प्रेरणास्त्रोत पत्रकार अरूण शुक्ला
आशीष कंसल्टेंसी
Email-ajayshukla2680@gmail.com
मो. 9425154156, 9826176903
नामांतरण, डायवर्सन, सीमांकन, बटवारा, वसीयतनामा इत्यादि
पता - आशीष ट्रांसपोर्ट बलदेव बाग जबलपुर

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर, 68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. Email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)